
# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 106 ● कटनी ● शुक्रवार, 19 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## जबलपुर में आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



32.2 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

37 डिसे

आंधी- पानी के आसार

## आज राजस्थान और पंजाब के लिए करो या मरो वाला मुकाबला



नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स की टीम शुक्रवार यानी आज अपना आखिरी लीग मुकाबला खेलने मैदान पर उतरेगी। शाम 7.30 बजे दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला धर्मशाला के स्टेडियम में खेला जाएगा। धर्मशाला स्टेडियम में इससे पहले खेले गए मुकाबले में पंजाब को दिल्ली के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अब इसी मैदान पर राजस्थान और पंजाब की टीम आमने-सामने होगी। इस मैच में दोनों टीमें कुछ बदलाव के साथ मैदान पर उतर सकती है।

# सरकारी नौकरी के लिए टीचर पिता-मां और दादी की हत्या की

## सैनिटाइजर और लकड़ी से घर में जलाता रहा डेडबॉडी

■ महासमुंद, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में बेटे ने पैसों और अनुकेने वाली घटना सामने आई है. यहां एक व्यक्ति ने पैसों और अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी के लालच में अपने माता-पिता और दादी की हत्या कर दी. इसके बाद घर में ही लाशों को लकड़ी और सैनिटाइजर से दो दिन तक जलाता रहा. इसके बाद पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी. पुलिस जब मामले की जांच करने उसके घर पहुंची तो घर में खून के छींटे मिले. पुलिस को घर में जले हुए मानव अवशेष भी पुलिस को मिले. इसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर मृतक शिक्षक के बड़े बेटे उदित से सख्ती से पूछताछ की. पूछताछ के दौरान उसने माता-पिता और दादी की हत्या की बात कबूल कर ली. पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत मामला दर्ज कर उसे अरेस्ट कर लिया। जानकारी के अनुसार, यह मामला महासमुंद जिले के सिघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पुटका का है. यहां शिक्षक प्रभात भोई अपनी पत्नी सुलोचना भोई और मां 75 वर्षीय झरना भोई के साथ रहते थे. प्रभात का बेटा उदित भी उनके साथ रहता था. शिक्षक का एक बेटा रायपुर में एमबीबीएस कर रहा है. बताया जा रहा है कि प्रभात का बड़ा बेटा उदित भोई नशे का आदी है. वह अक्सर पैसों के लिए अपने माता-पिता से झगड़ता रहता था।



पुलिस के अनुसार, बीते 7 मई को शिक्षक प्रभात भोई और उनके बेटे उदित के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था. उसी दिन उदित ने अपने पिता की हत्या की साजिश रच डाली. जब घर में सभी सो गए तो रात करीब 2 से 3 बजे के बीच हॉकी स्टिक से उदित ने पहले पिता के सिर पर अटैक किया, इसके बाद मां सुलोचना को मार दिया. वहीं इसी आवाज होने पर उदित की दादी उठीं तो उनके सिर पर स्टिक मारकर उनकी भी हत्या कर दी.माता-पिता और दादी की हत्या के बाद उदित ने लाश को घर में बाथरूम में रख दिया. इसके एक दिन बाद उसने घर के पीछे तीनों के शव लकड़ी और सैनिटाइजर डालकर दो दिन तक जलाया. हत्या के आरोपी उदित भोई ने बेहद शातिर अंदाज में 12 मई को सिंघोड़ा थाने में अपने पिता, मां और दादी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करा दी।

### शिक्षक का छोटा बेटा घर पहुंचा तो घर में पड़ा था ताला

इसके बाद जब शिक्षक प्रभात भोई के छोटे बड़े अमित को माता-पिता और दादी की गुमशुदगी के बारे में पता चला तो वह अपने गांव पुटका आ गया. अमित रायपुर में एमबीबीएस कर रहा है. अमित जब घर पहुंचा तो घर में ताला लगा था. उसका भाई उदित कहीं चला गया था.इसके बाद अमित पीछे की बाउंड्री से कूदकर अपने घर में दाखिल हुआ तो देखा कि घर में खून के छींटे पड़े है और परिसर में कोई चीज जलाने के निशान होने के साथ ही मानव हड्डियां भी पड़ी थीं. अमित को कुछ अंदेशा हुआ तो उसने सिंघोड़ा थाने जाकर घटना की जानकारी पुलिस को दी. इस बीच आरोपी उदित भोई अपने पिता प्रभात भोई के मोबाइल नंबर से अपने भाई अमित और अन्य रिश्तेदारों को सभी के सही सलामत होने का मैसेज भेज रहा था, ताकि सभी को लगे कि प्रभात सही सलामत हैं। शिक्षक प्रभात के छोटे बेटे अमित की शिकायत के बाद जब पुलिस ने शिक्षक के मोबाइल की लोकेशन के बारे में पता किया तो लोकेशन घटनास्थल के आसपास की मिली. इसके बाद पुलिस प्रभात भोई के घर जांच के लिए पहुंची तो देखा कि खून के छींटे और शव जलाए जाने के निशान थे. राख में मानव अवशेष भी थे. मृतक का घर बस्ती से कुछ दूरी पर है. इस वजह से बस्ती के लोगों को घटना के बारे में जानकारी नहीं हो सकी, लेकिन बस्ती के लोगों ने शिक्षक के घर से धुआं उठने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने जब शिक्षक के बड़े बेटे उदित भोई को पकड़कर उससे पूछताछ की तो पहले उसने पुलिस को गुमराह किया, लेकिन जब पुलिस सख्त हुई तो उसने माता-पिता और दादी की हत्या की बात कबूल कर ली. पुलिस ने आरोपी बेटे उदित के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत केस दर्ज कर उसे अरेस्ट कर लिया।



आज शनि जयंती

## » न्यूज गैलरी

### प्रशांत महासागर में 7.7 तीव्रता का भूकंप ,सुनामी की चेतावनी



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रशांत महासागर में में आए भूकंप ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.7 है। इस बीच भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह अलर्ट अमेरिका में न्यू कैलेडोनिया, फिजी और वानुअतु के क्षेत्रों के लिए जारी की गई है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक ये भूकंप जमीन के 10 किमी की गहराई में आया था।

### गौतम अडानी को 1,20, 82, 74, 83, 000 रुपये का झटका, अमीरों की लिस्ट में नीचे खिसके

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में भारी गिरावट देखने को मिली। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अडानी की नेटवर्थ में 1.46 अरब डॉलर यानी 1,20, 82, 74,83,000 रुपये की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 52.4 अरब डॉलर रह गई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान फिसलकर 24वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पिछले साल अडानी इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पहुंच गए थे। उनकी नेटवर्थ 150 अरब डॉलर पहुंच गई थी। लेकिन हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई है। इस साल अडानी की नेटवर्थ में 68.1 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

### पीएम मोदी का छह दिन में तीन देशों का ऐतिहासिक दौरा आज से

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को तीन देशों के छह दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे। इस दौरान वह तीन शिखर सम्मेलनों में शामिल होंगे और 40 से ज्यादा कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पीएम तीन देशों में चार दिन बिताएंगे, इस दौरान दुनियाभर के 24 से ज्यादा देशों के नेताओं से मिलेंगे। दौरे के पहले चरण में 19 से 21 मई के दौरान जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने जापान जाएंगे।दूसरे चरण में पीएम 21 मई को पोर्ट मोरेस्बी, पापुआ न्यू गिनी पहुंचेंगे, जहां पापुआ न्यू गिनी के पीएम जेम्स मारपे के साथ संयुक्त रूप से भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग फोरम (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। तीसरे और आखिरी चरण में वह ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीस के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए 22-24 मई को सिडनी में होंगे। यात्रा आखिरी पड़ाव पर मोदी ऑस्ट्रेलयाई समकक्ष के साथ सिडनी में हजारों प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगे।


विशुद्ध हेल्थ केयर

माइक्रोबायोलॉजी एवं पैथोलॉजी लैब

Dr.Ankit Seth

MD,DEM,FICM.PGC Diabetology (Boston USA) Consultant Physician - Diabetologist

Phon-0761-4035454

Mo.9753000122

2365, राईट टाउन, मदन महल स्टेशन रोड, पी.एण्ड टी. गेट नं. 4 चौराहा, जबलपुर (म.प्र.)


मानवता पर नए संकट का खतरा

# स्टडी में बड़ा दावा- सूख रही हैं दुनिया की आधी से ज्यादा बड़ी झीलें

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

एक स्टडी में कहा गया है कि दुनिया की आधे से अधिक सबसे बड़ी झीलों और जलाशयों में पानी लगातार घट रहा है और वे सूखने की कगार पर हैं. इसके कारण धरती के कई हिस्सों में इंसानों की भविष्य की जल सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है. झीलों और बड़े जलाशयों के सूखने का सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और बढ़ती पानी की खपत को माना जा रहा है. न्यूज एजेंसी की एक खबर के मुताबिक यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर में प्रोफेसर और साइंस में छपे पेपर के सह-लेखक बालाजी राजगोपालन ने न्यूज एजेंसी को बताया कि 'दुनिया भर में झीलें संकट में हैं, और इसके दूरगामी नतीजे हो सकते हैं.' बालाजी राजगोपालन ने कहा कि 'इसने वास्तव में हमारा ध्यान इसलिए आकर्षित किया क्योंकि दुनिया की लगभग 25 फीसदी आबादी झीलों के बेसिन में रह रही है, जो लगातार सूखने की ओर बढ़ रही हैं. जिसका



मतलब है कि लगभग दो अरब लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं.' राजगोपालन ने कहा कि दुनिया भर में साइंटिस्टों का ध्यान नदियों की बिगड़ती हालत पर जरूर है. मगर इंसानों की जल सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होने के बावजूद झीलों की अच्छी तरह से निगरानी नहीं की जाती है. बहरहाल कैस्पियन सागर और अरल सागर जैसी बड़ी झीलों में बड़ी पर्यावरणीय आपदाओं ने शोधकर्ताओं को इस बड़े संकट का संकेत दिया।

### 53 फीसदी झीलों और जलाशयों में पानी घटा

व्यवस्थित रूप से इस संकट का अध्ययन करने के लिए एक टीम में अमेरिका, फ्रांस और सऊदी अरब के वैज्ञानिक शामिल थे. इन लोगों ने 1992 से 2020 तक की सेटेलाइट तस्वीरों का उपयोग करते हुए पृथ्वी की सबसे बड़ी 1,972 झीलों और जलाशयों को देखा. उन्होंने बड़े पैमाने पर उपग्रहों की बेहतर सटीकता के साथ-साथ इंसानों और वाइल्डलाइफ के लिए महत्व होने के कारण बड़े मीठे पानी की झीलों पर अपना ध्यान केंद्रित किया. यह देखने की कोशिश की गई झीलों में पानी की मात्रा में लगभग 30 साल में कैसे और कितना अंतर आया है. नतीजों में पाया गया कि 53 फीसदी झीलों और जलाशयों में पानी की मात्रा में लगभग 22 गीगाटन सालाना की दर से गिरावट देखी गई.

### ज्यादा बारिश और सूखे- दोनों इलाकों में पानी घटा

इस पूरी स्टडी दौरान 603 क्यूबिक किलोमीटर पानी (145 क्यूबिक मील) खत्म हो गया, जो अमेरिका के सबसे बड़े जलाशय लेक मीड में पानी का 17 गुना है. ये पाया गया कि प्राकृतिक झीलों में पानी की कमी के लिए ग्लोबल वार्मिंग के साथ-साथ इंसानों की बढ़ती जल की खपत जिम्मेदार थी. जलवायु परिवर्तन से बढ़ा हुआ तापमान वाष्पीकरण को बढ़ाता है, लेकिन साथ ही कुछ जगहों पर बारिश को भी कम कर सकता है. इस स्टडी का एक आश्चर्यजनक पहलू यह था कि दुनिया के ज्यादा बारिश और सूखे दोनों इलाकों में झीलों में पानी की मात्रा घट रही है।

# सिद्धारमैया के शपथ में केजरीवाल और केसीआर को न्योता नहीं

■ बेंगलुरु, एजेंसी।

सिद्धारमैया 20 मई को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. दक्षिण का द्वार कहे जाने वाले कर्नाटक में कांग्रेस ने 135 सीटों के साथ प्रचंड जीत हासिल की है. 2023 में 5 राज्यों में विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव से पहले इस जीत को कांग्रेस के लिए संजीवनी के तौर पर देखा जा रहा है. ऐसे में कांग्रेस ने इस शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियां भी शुरू कर दी हैं. देशभर की तमाम पार्टियों के नेताओं को निमंत्रण भेजा गया है. कांग्रेस केंद्र में रहकर इस समारोह का विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर प्रदर्शन करना चाहती है. कांग्रेस की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के सीएम केसीआर को इसका न्योता नहीं भेजा गया. माना जा रहा है कि कांग्रेस ने सियासी समीकरणों को देखते हुए इन दलों से दूरी बनाए रखने का फैसला किया है। कर्नाटक में कांग्रेस की इस जीत ने न सिर्फ बीजेपी को सत्ता से बेदखल किया है, बल्कि देशभर में अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जोश भरने का काम भी किया है. माना जा रहा है कि यह जीत 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं में ऊर्जा भरने का भी काम करेगी. कांग्रेस सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण को भव्य



बनाकर विपक्षी एकता का भी संकेत देना चाहती है. । फिलहाल पार्टी सूत्रों की मानें तो राज्य कैबिनेट में सिद्दारमैया और शिवकुमार, दोनों खेमों के 14 मंत्रियों के साथ कुल 28 मंत्री होंगे। कर्नाटक में कांग्रेस की नई सरकार में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री जी. परमेश्वर, एम.पी. पाटिल का शामिल होना तय हैं। इसके अलावा संभावित मंत्रियों में कृष्णा बायरे गौड़ा, सतीश जरकीहोली, लक्ष्मण सावदी, लक्ष्मी हेब्बलकर, सलीम अहमद, यू.टी. खादर, संतोष लाड, दिनेश गुंडु राव, जमीर अहमद, एच.के. पाटिल, रामलिंगा रेड्डी, के.जे. जॉर्ज, ईश्वर खंड्रे, तनवीर सेठ, डॉ. एच.सी. महादेवप्पा और बी.के. हरिप्रसाद शामिल हैं। झसूत्रों की माने तो अनुभव के आधार पर विधायक कैबिनेट में शामिल होने की कवायद करने की कोशिश कर रहे हैं।

## राऊ में बिलाल का आतंक, राहगिरों के सिर फोड़े, हिंदू संगठन के लोगों पर पथराव

■ इंदौर, एजेंसी।

राऊ में गुरुवार रात साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति बन गई। उपद्रवी बिलाल ने राह चलते लोगों के सिर फोड़ दिए। महिलाओं को आगे कर दिया। महिलाओं ने भी खूब पत्थर चलाए। छुरे और सब्बल लेकर सड़क पर आ गई। करीब तीन घंटे हंगामा चलता रहा। स्थिति संभालने के लिए आजाद नगर, तेजाजी नगर, राजेंद्र नगर थाना का बल लगाना पड़ा।आरोपित बिलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राम रहीम कालोनी में बने कम्यूनिटी हाल में वह जन्मदिन मना रहा था। बताते है उसके द्वारा लगाए टैंट से निकलने पर बिलाल ने आम्रपाली कालोनी में रहने वाले अमितेश चौधरी पर हमला कर



दिया। इसके बाद दूध बांटने वाले पर हमला किया। जैसे ही मारपीट की सूचना मिली बड़ा बाजार से बजरंग दल कार्यकर्ता पहुंच गए।बिलाल के पक्ष में महिलाएं हथियार लेकर आ गई। उनके पास सब्बल और छुरे भी थे। पुलिस की मौजूदगी में ही पथराव किया। विवाद बढ़ने पर तेजाजी नगर, राजेंद्र नगर और आजाद नगर थाना प्रभारी बल लेकर पहुंचे। पुलिस ने बिलाल को गिरफ्तार कर लिया। पथराव में राजकुमार पांचाल भी घायल हुआ है।


यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


## शिक्षिका ने ट्रेनिंग के दौरान लगाए ठुमके, शिक्षक के साथ जमकर थिरकी, दो प्रभारी प्राचार्य निलंबित

■ शिवपुरी, एजेंसी।

शिवपुरी जिले में एक करैरा ब्लॉक में शिक्षकों की ट्रेनिंग के दौरान अभद्र डांस के मामले में दो प्रभारी प्राचार्यों को निलंबित कर दिया गया है। ग्वालियर के संभागायुक्त दीपक सिंह ने उनका निलंबन आदेश जारी किया। डांस का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो 16 मई का बताया गया था। वीडियो में अभद्रता को देखते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों प्रभारियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में अभद्र नृत्य का जिम्मेदार माना गया है। मामले में संजीव अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य और संगीता मांझी



प्रभारी प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं। ये शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करैरा पदस्थ हैं। वीडियो इसी विद्यालय में शिक्षकों की ट्रेनिंग के दौरान का है। यहां शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को सतत व व्यापक अधिगम मूल्यांकन प्रशिक्षण (सीसीएलई ट्रेनिंग) दिया जा रहा था।

### कुछ अभद्र हुआ तो कार्रवाई करेंगे : डीईओ

वायरल वीडियो में शिक्षिक व शिक्षिकाओं के डांस को अभद्र व आपत्तिजनक माना जा रहा था। इसे लेकर शिवपुरी के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) समर सिंह राठौड़ का कहना था कि यदि डांस में कुछ अभद्र हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।

## केरल में पांच साल की बच्ची से बलात्कार, पिता और मामा को 84 साल की कैद

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

एजेंसी। केरल में एक विशेष पोक्सो अदालत ने पांच साल की एक बच्ची से बार-बार बलात्कार करने के जुर्म में बृहस्पतिवार को उसके पिता और मामा को कुल 84 साल की कैद की सजा सुनाई. देवीकुलम पोक्सो त्वरित अदालत के न्यायाधीश रविचंद्र सी आर ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पोक्सो), भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के तहत दोनों मुजरिमों को कुल 84 साल की कैद की सजा



सुनाई। विशेष सरकारी वकील समजू के दास ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हालांकि उन्हें 20 साल ही सलाखों के पीछे रहना होगा क्योंकि यह उनकी विभिन्न सजा में सबसे अधिक है. दास के अनुसार अदालत ने उन्हें कैद की अलग-अलग सजाएं एक साथ काटने की अनुमति दी। सरकारी वकील ने बताया कि कैद की सजा के अलावा विशेष अदालत ने उन पर तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और निर्देश दिया कि जुर्माना राशि पीड़िता को दी जाए।



## बॉयफ्रेंड की वाइफ पर फेका एसिड, पति भी झुलसा

■ ग्वालियर, ईएमएस।

ग्वालियर में शारीरिक शोषण करने और एसिड अटैक का मामला सामने आया है। पांच साल से दुष्कर्म (शारीरिक शोषण) की शिकार एक ब्यूटी पार्लर संचालक युवती ने गुस्से में आकर बॉयफ्रेंड की पत्नी पर एसिड अटैक कर दिया। पत्नी को बचाने के प्रयास में उसके साथ पति भी झुलस गया है। घटना गुरुवार शाम जनकगंज के रामद्वारा इलाके की है। पुलिस के पास जब तक अस्पताल से सूचना पहुंचती उससे पहले ही दुष्कर्म पीड़िता अपने झुलसे हुए बॉयफ्रेंड पर लिव इन रिलेशन में रखकर शारीरिक शोषण करने और धमकाने की एफआईआर कराने पहुंच गई। एसिड अटैक और दुष्कर्म के क्रॉस मामले सामने आते ही पुलिस भी चक्करघिन्नी हो गई। ग्वालियर पुलिस के सामने इस तरह का पहला मामला आया था। अफसरों ने दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर उसके प्रेमी और प्रेमी की पत्नी की शिकायत पर दुष्कर्म पीड़िता पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की है।

## इंटीग्रेटेड हेल्थ पॉलिसी जल्द आएगी, कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू होगी

■ नई दिल्ली, यशभारत।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय मिलकर इंटीग्रेटेड हेल्थ पॉलिसी पर काम कर रहे है, जिसका फायदा जल्द ही लोगों को मिलने लगेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि आयुष और स्वास्थ्य मंत्रालय की संयुक्त पहल से इंटीग्रेटेड हेल्थ पॉलिसी जल्द आएगी। इस कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा। इससे अस्पताल में मरीज को एलोपैथ के साथ आयुष के इलाज की भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि एकीकृत चिकित्सा को बढ़ावा देने में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा का बड़ा योगदान है। स्वास्थ्य मंत्रालय और आयुष मंत्रालय मिलकर एकीकृत



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य और आयुष मंत्रालय के मंत्रालय की संयुक्त पहल से इंटीग्रेटेड अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन की शुरुआत की।

नजरिए के साथ काम कर रहे हैं। आयुष मंत्रालय की आईसीटी को दो पहल को भी लॉन्च किया गया। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोगोवाल ने ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और स्वास्थ्य मंत्री डॉ मांडविया ने इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड के लिए कॉम्प्रिहेंसिव एएचएमआईएस पोर्टल लांच किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि एकीकृत चिकित्सा को लेकर दोनों मंत्रालय काम कर रहे हैं। इंटीग्रेटिव हेल्थ पॉलिसी में अस्पताल में मरीज का बेहतर तरीके से इलाज हो, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। वहां पर एलोपैथिक डॉक्टरों के साथ आयुष डॉक्टर भी होंगे, जिससे अगर एलोपैथिक डॉक्टर को लगता है कि मरीज को आयुष डॉक्टर की मदद की जरूरत है तो दोनों डॉक्टर आपस में बात करके फैसला ले सकते हैं। एलोपैथिक डॉक्टर को लगता है कि मॉडर्न मेडिसिन सिस्टम में किसी मरीज का इलाज केवल आपरेशन है लेकिन अगर आयुष डॉक्टर कहता है कि मरीज को आयुष इलाज दिया जा सकता है तो इस बारे में डॉक्टर तय कर सकते हैं।इस पॉलिसी को कैबिनेट को मंजूरी मिलने के बाद लागू किया जाएगा।

## 7 दिन और 58 मौतें..., केदारनाथ में दिल का दौरा पड़ने से गईं अधिक जानें

■ देहरादून, एजेंसी।

अप्रैल के महीने से शुरू हुई चारधाम यात्रा इस साल थोड़ी मुश्किलों से भरी हुई थी. बार-बार मौसम खराब होने के चलते प्रशासन के साथ-साथ श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा है. वहीं अब तक औसतन हर रोज 2 श्रद्धालुओं की मौत हुई है. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक ये मौतें कार्डियक अरेस्ट या क्रोनिक पल्मोनरी डिजीज के कारण हुई हैं. 27 दिनों के दौरान करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने गढ़वाल हिमालय में 10 हजार फीट से ऊपर स्थित चार हिमालयी मंदिरों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में पूजा की है।



### 2400 लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दी चेतावनी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, लगभग 2,400 लोगों को उनकी खराब स्वास्थ्य स्थिति के कारण यात्रा पर जाने से पहले अधिकारियों द्वारा चेतावनी दी गई थी. उन लोगों से एक कागज पर हस्ताक्षर कराए गए, जिसपर लिखा था कि तीर्थ यात्रा के दौरान अगन उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे. फेफड़े की समस्या से पीड़ित लगभग 7,000 तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य निगरानी टीम ने उनके स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर दिया। नाम न छापने का अनुरोध करते हुए एक वरिष्ठ चिकित्सक ने टीओई को जानकारी देते हुए बताया कि 27 दिनों में 58 मौतें दर्ज की गई हैं, उनमें से ज्यादातर कार्डियक अरेस्ट से संबंधित हैं और केदारनाथ में हुई हैं. इन तीर्थयात्रियों की या तो ट्रैक मार्ग पर या होटलों में मृत्यु हो गई।

# विवाहिता ने लगाई फांसी

## मायकेपक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां में विवाहिता की फांसी लगने से मौत हो गई। इस मामले में मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों की सुपुर्द किया गया। कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि दो साल पहले 22 वर्षीयच शिवानी चौधरी पति वीरू चौधरी का ग्राम मझगवां में विवाह हुआ था। बुधवार को फांसी लगाने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर महिला के मायके वाले सतना से पहुंचे और बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मायके वालों ने पुलिस को बताया कि दो-तीन दिन पहले भी पति ने बेटी के साथ में मारपीट की थी। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम को लेकर भी विवाद की स्थिति बनी थी। ससुराल वाले पीएम नहीं कराने को राजी थे। सूचना पर नायब तहसीलदार हेमांग प्रिया श्रीवास्तव भी पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### वृद्धा ने भी लगाई फांसी

एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम टेढ़ी में 70 वर्षीय वृद्धा बसंती बाई पति चूड़ामन लुनिया के द्वारा कच्चे मकान की बल्ली के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।





# बरही में चला बुलडोजर

## अतिक्रमण की कार्यवाई से मचा हड़कंप

**बरही, यशभारत।** नगर परिषद बरही द्वारा कटनी मार्ग स्थित विजयनाथधाम मेला प्रांगण में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई शुक्रवार को प्रारम्भ की गईए जिससे दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। नगर परिषद द्वारा एक सप्ताह पूर्व अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गयाए जिसके बाद आज सुबह से टपरों को हटाने की कवायद प्रारम्भ की गई। कई दुकानदार अपने से अपनी दुकानें खाली करने में जुटे हुए थे। गौरतलब है कि कटनी मार्ग में टपरे रखकर दुकान वर्षो से संचालित की जा रही है, जो विजयनाथधाम मेला प्रांगण में आता है। यहां अब विकासीय कार्य होने हैए जिसे लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई को अंजाम दिया जा रहा है। कार्यवाई में राजस्व, पुलिस व नगर परिषद बरही का संयुक्त अमला शामिल है।

## बरही शासकीय कालेज में छात्राओं के उत्पीड़न मामले में बड़ी कार्रवाई

# छात्राओं की शिकायत पर विधायक की नाराजगी भारी पड़ी

# प्राचार्य निलंबित, एफआईआर दर्ज, सीएम ने किया ट्विट

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा- छात्राओं से आपत्तिजनक व्यवहार सहन नहीं होगा

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले के बरही कालेज में विधायक संजय पाठक की नाराजगी के बाद यहां के प्राचार्य आरके वर्मा पर कड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं ट्विटर पर प्राचार्य को निलंबित करने की जानकारी दी। इसके साथ ही प्राचार्य पर बरही थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। आपको बता दें कि विधायक संजय पाठक के दौरे के दौरान कालेज की छात्राओं ने प्राचार्य पर गम्भीर आरोप लगाए थे।

गत दिनों विधायक संजय पाठक से यहां की छात्राओं ने शिकायत की थी जिसके बाद विधायक श्री पाठक ने कलेक्टर को जांच करने के लिए कहा था। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गठित जांच समिति ने मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय बरही पहुंचकर छात्राओं के उत्पीड़न मामले की शिकायत के संबंध में विस्तृत जांच की। जांच समिति ने कार्यालयीन स्टाफ, प्राचार्य और कालेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिलाकर करीब 150 लोगों के कथन कलमबद्ध किए। जांच समिति ने प्रथम दृष्टया प्राचार्य डॉ आर के वर्मा पर लगे आरोप को आंशिक रूप से सही पाया। जांच समिति ने अपने जांच प्रतिवेदन में शासकीय महाविद्यालय बरही के प्राचार्य डॉक्टर आरके वर्मा को तत्काल प्रभाव से कॉलेज से हटाने और अन्य योग्य प्राध्यापक को प्राचार्य का प्रभार सौंपने की अनुशंसा की गई तथा उन्हें जबलपुर अटैच कर दिया गया साथ ही जांच समिति ने प्राचार्य के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित कर अभिलेखों व दस्तावेज के आधार पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की भी अनुशंसा की अब पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है।




Shivraj Singh Chouhan
@ChouhanShivraj

मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार और गलत के विरुद्ध हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है।

बरही, कटनी के शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के.वर्मा को छात्राओं से आपत्तिजनक व्यवहार करने तथा मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम,संभाग-सागर के प्रभारी, परियोजना यंत्री जनार्दन सिंह को भ्रष्टाचार सम्बन्धी
पर्यवेक्षण कार्यों में लापरवाही के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है।

दोषी कोई भी हो, मध्यप्रदेश में बच नहीं पायेगा।

Translate Tweet

5:29 pm · 18 May 2023 · 10.6K Views

## विजयराघवगढ़ महोत्सव



# डिज्नी लैंड सा दिख रहा बंजारी का मेला ग्राउंड, पहुंचने लगे हजारों लोग

## विजयराघवगढ़ महोत्सव में छाया आनंद और उल्लास

### झूले और चटपटे व्यंजनों का लुत्फ लेने पहुंच रहे हजारों लोग

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ के बंजारी में आयोजित हो रहा विजयराघवगढ़ महोत्सव मेला में रात के समय में बिजली की साज-सज्जा और बिखरती सतरंगी रोशनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है दूर दूर से लोग मेले की रोशनी देखकर आकर्षित हो रहें है। दूर से देखने पर यह किसी डिज्नी लैंड से कम नहीं दिख रहा। महोत्सव में सांस्कृतिक,मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देखने के लिए रोजाना मेले में 5 से 6 हजार लोग परिवार-बच्चों के साथ पहुंच रहे हैं। कल रात डीजे फ्लोर पर घंटों तक लोग सपरिवार अलग अलग फिल्मी गानों पर नाचते रहे।



### रंग बिरंगी रोशनी कर रही आकर्षित

दिन ढलने के साथ ही बंजारी का मेला ग्राऊंड पर रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठता है। रात में रोशनी से नहाते मेला मैदान एवं झूले अदभुत छटा बिखेर रहा था। मेले आने वाले झूले और चटपटे व्यंजनों का लुत्त लेने में जुटे थे। वहीं महिलाएं श्रृंगार सामग्री के साथ गृहस्थी की सामग्री लेने में जुटी रही। वहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ ही अन्य जिलों से भी नागरिक मेले में पहुँचकर आकर्षक झूलों और व्यंजनों का लुफ्त उठा रहे है। आसमान को छुते झूलों की चकरी और करतबों की आवाज के साथ ही छोटे-बच्चों की हंसी ठिठोली सभी को आनंद से सराबोर कर देती है। इन दिनों मेला सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# पति की लंबी आयु और घर में सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखा वट सावित्री व्रत





**कटनी, यशभारत।** ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन वट सावित्री का व्रत रखा जाता है। हिंदू धर्म में इस व्रत का विशेष महत्व माना गया है क्योंकि सुहागिन महिलाएं ये व्रत अपने पति की लंबी आयु और घर में सुख-समृद्धि की कामना से रखती हैं। आज कटनी में वट सावित्री व्रत के दिन बरगद के पेड़ का पूजन किया गया। महिलाओं ने निर्जला व्रत रख वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। इस साल वट सावित्री का व्रत शुक्रवार के दिन आया जो मां संतोषी का दिन होता है लिहाजा इसकी महत्ता और बढ़ गई। शहर में वट वृक्ष केनीचे सुबह से ही महिलाओंकी पूजा आराधना का क्रम शुरू हो गया था। व्रत के दिन पूजा के बाद व्रत कथा को काफी अहम माना जाता है। वट सावित्री व्रत की जो कथा प्रचलित है उसके अनुसार राजर्षि अश्वपति की एक संतान थी, जिसका नाम था सावित्री। सावित्री का विवाह अश्वपति के पुत्र सत्यवान से हुआ था. नारद जी ने अश्वपति को सत्यवान के गुण और धर्मात्मा होने के बारे में बताया था लेकिन उन्हें यह भी बताया था कि सत्यवान की 1 साल बाद ही मृत्यु हो जाएगी। पिता ने सावित्री को काफी समझाया लेकिन उन्होंने कहा कि वह सिर्फ़ सत्यवान से ही विवाह करेंगी और किसी से नहीं। सत्यवान अपने माता-पिता के साथ वन में रहते थे. विवाह के बाद सावित्री भी उनके साथ में रहने लगीं। सत्यवान की मृत्यु का समय पहले ही बता दिया था इसलिए सावित्री पहले से ही उपवास करने लगी। जब सत्यवान की मृत्यु का दिन आया तो वह लकड़ी काटने के लिए जंगल में जाने लगा. सावित्री ने कहा कि आपके साथ जंगल में मैं भी जाऊंगी. जंगल में जैसे ही सत्यवान पेड़ पर चढ़ने लगा तो उनके सिर पर तेज दर्द हुआ और वह वृक्ष से आकर नीचे सावित्री की गोद में सिर रख कर लेट गए। कुछ समय बाद सावित्री ने देखा कि यमराज के दूत सत्यवान को लेने आए हैं. सावित्री यमराज के पीछे-पीछे चलने लगी। जब यमराज ने देखा कि उनके पीछे कोई आ रहा है तो उन्होंने सावित्री को रोका और कहा कि तुम्हारा साथ सत्यवान तक धरती पर था अब सत्यवान को अपना सफर अकेले तय करना है. सावित्री ने कहा मेरा पति जहां जाएगा मैं वही उनके पीछे जाऊंगी, यही धर्म है। यमराज सावित्री के पतिव्रता धर्म से बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने एक वरदान मांगने को कहा. सावित्री ने अपने सास-ससुर की आंखों की रोशनी मांगी यमराज ने वर देकर आगे बढ़े. फिर से सावित्री पीछे आ गई है. फिर एक और वरदान मांगने को कहा तब सावित्री ने कहा कि मैं चाहती हूं मेरे ससुर का खोया हुआ राजपाट वापस मिल जाए. यह वरदान देकर यमराज आगे बढ़े. इसके बाद फिर वे सावित्री पीछे चल पड़ीं। तब यमराज ने सावित्री को एक और वर मांगने के लिए कहां तब उन्होंने कहा कि मुझे सत्यवान के 100 पुत्रों का वर दें। यमराज ने यह वरदान देकर सत्यवान के प्राण लौटा दिए। सावित्री लौटकर वृक्ष के पास आई और देखा कि सत्यवान जीवित हो गए हैं। ऐसे में इस दिन पति की लंबी आयु, सुख, शांति, वैभव, यश, ऐश्वर्य के लिए यह व्रत रखना चाहिए।

# सात दिनों के भीतर करें अतिथि शिक्षकों की समस्या निराकरण

**कटनी, यशभारत।** 7 दिनों के भीतर करें अतिथि शिक्षकों की समस्या निराकरण मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अतिथि शिक्षकों की समस्याओं का 7 दिन के भीतर निराकरण करके अवगत कराएं। लोक शिक्षण संचालनालय ने सीएम हेल्पलाइन के उन मामलों की लिस्ट भी जारी की है जिनका निराकरण किया जाना है। इस आदेश के बाद कटनी में भी अतिथि शिक्षकों को उम्मीद बंधी है।

### समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को रिमाइंडर

डीएस कुशवाह संचालक लोक शिक्षण ने अपने परिपत्र में लिखा है कि, संचालनालय द्वारा समय-समय पर जारी आदेशो के अनुक्रम में जिले स्तर से ही सी.एम. हेल्पलाईन के प्रकरणों को निराकृत किये जाने के निर्देश दिये गये किन्तु इन प्रकरणों का निराकरण अभी तक नहीं किया गया है। अतिथि शिक्षकों को आ रही समस्याओं एवं सीएम हेल्पलाइन का निराकरण समयसीमा में किया जाना है। उक्त परिप्रेक्ष्य में अतिथि शिक्षकों की प्रमुख समस्याएं आमंत्रण प्रक्रिया में अनियमितता, मानदेय भुगतान एवं अनुभव प्रमाण पत्र से संबंधित है।

# यूथ कटनी द्वारा केरला स्टोरी का प्रदर्शन



**कटनी, यशभारत।** सत्य घटनाओं पर आधारित राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र और लव जिहाद को बेनकाब करने वाली फिल्म केरल स्टोरी का प्रदर्शन मित्तल मॉल में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में माताओं-बहनों और युवा छात्र-छात्राओं ने फिल्म को देखा। यूथ कटनी की संयोजक श्रीमती अनु शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि बड़ी संख्या में युवाओं ने इस फिल्म को देखने की इच्छा व्यक्त करी थी और इस फिल्म के माध्यम से समाज में जागरूकता हो और राष्ट्रभक्ति की भावना निरंतर बढ़े और हमारे आसपास जो घटनाएं हो रही हैं इस हेतु समाज को जागृत करना जरूरी है। इस फिल्म को लगातार सराहना मिल रही। फिल्म प्रदर्शन देखने आई महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं ने यूथ कटनी का आभार व्यक्त किया। सभी ने संकल्प लिया जो हमारे आसपास का घटनाक्रम अगर राष्ट्र विरोधी है तो उस पर सभी सजग रहेंगे।

## विशेष वाहन चेकिंग अभियान में कई ने भरा जुर्माना




पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा मिशन चौक में विशेष पुलिस चेकिंग अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना दस्तावेज गाड़ी चलाने वालों की जांच की गई और जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा बुलट मोटर सायकल में साइलेंसर से तेज धमाके की आवाज निकालने वालों से भी भारी भरकम जुर्माना वसूलने के साथ साइलेंसर बदलवाने की कार्रवाई की गई।

# शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे का 93 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**कटनी, यशभारत।** जारी हुये कक्षा आठवीं के बोर्ड पैटर्न परीक्षा परिणामों की कड़ी में उपनगरीय क्षेत्र स्थित शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे का परीक्षा परिणाम 93: रहा। परीक्षा में सम्मलित हुये 60 परीक्षार्थियों में से जहां एक ओर 56 परीक्षार्थी ने उत्कृष्टअंक प्राप्त कर अपनी शासकीय शाला का नाम रोशन किये। वहीं दूसरी ओर सिर्फ4 परीक्षार्थीयों को ही दुबारा परीक्षा में बैठाया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगातार उत्तरोतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहे इस विद्यालय को एक लम्बे समय से एक होनहार कर्तव्यनिष्ठ प्रधानाध्यापक की दरकार है। वर्षो से प्रभारी प्रधानाध्यापक के सहारे चल रहे इस विद्यालय को और भी बेहतर बनाने हेतु यहां पर फुलफ्रेश प्रधानपाठक का क्षेत्रवासियों द्वारा एक लंबे समय से बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। इस विद्यालय में सभी विषय के विशेषज्ञ शिक्षकों के गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन से दूसरे विद्यालय में परीक्षा केंद्र रखकर कड़ाई पूर्वक परीक्षा संपादित कराने के बावजूद भी यहां पर अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई और लगन के चलते परीक्षा परिणाम को एक सम्मानजनक स्थिति में लाकर अपने विद्यालय के प्रति क्षेत्रीय लोगों का रुझान बढ़ाने में मददगार सिद्ध हुये हैं। शिक्षक नेता मार्तण्ड सिंह राजपूत द्वारा विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम का श्रेय विज्ञान शिक्षिका श्रीमती निधि पटेरिया से लेकर गणित शिक्षक द्वय जितेन्द्र दुबे, अजय पटेल के साथ ही अंग्रेजी शिक्षिका श्रीमती मोनिका सोनी, रश्मि विश्वकर्मा, कविता जैन और दिव्यांग विषय विशेषज्ञ शिक्षक ज्ञानचंद्र कोष्ठी प्रेमशंकर भारती और सक्षम छात्रावास के वार्डन अजय मिश्रा को दिया गया।

### शिक्षक नेता मार्तण्ड सिंह राजपूत ने बेहतर परीक्षा परिणाम का श्रेय शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया

## युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाएगी मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना

# मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना को मिला मंत्रिपरिषद का अनुमोदन

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आज का दिन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। राज्य सरकार रोजगार के लिए अनेकों प्रयास कर रही है, एक लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। स्व-रोजगार के हमारे प्रयास निरंतर जारी हैं। प्रतिमाह रोजगार दिवस किया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि युवाओं को बेरोजगार नहीं रहने देंगे। इस उद्देश्य से युवाओं को रोजगार के लिए कौशल सिखाने नई योजना लागू की जा रही है। युवाओं को कौशल सीखने के साथ भुगतान भी किया जाएगा। कौशल प्रशिक्षण के लिए कंपनियों और सर्विस सेक्टर को जोड़ा जाएगा। बेरोजगारी भत्ता बेमानी है। नई योजना, युवाओं में क्षमता संवर्धन कर उन्हें पंख देने की योजना है, जिससे वे खुले आसमान में ऊँची उड़ान भर सकें और उन्हें रोजगार, प्रगति और विकास के नित नए अवसर मिलें। योजना में युवाओं को प्रशिक्षण देने वाले प्रतिष्ठानों का पंजीयन 7 जून से और काम सीखने के इच्छुक युवाओं का पंजीयन 15 जून से शुरू होगा और प्लेसमेंट 15 जुलाई से आरंभ होगा। कार्य सीखाने वाले प्रतिष्ठान और राज्य शासन के बीच 31 जुलाई से अनुबंध की कार्यवाही होगी। एक अगस्त से युवा, कार्य आरंभ कर देंगे। यह क्रांतिकारी योजना युवाओं को बैसाखी पर चलना नहीं, अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाएगी। कार्य से सीखने की अवधि में युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास स्थित कार्यालय भवन समत्व में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-



परिषद की बैठक वंदे-मातरम गान से आरंभ हुई। बैठक में युवाओं के लिए योजना का प्रस्तुतिकरण हुआ और मंत्रि-परिषद ने योजना को अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना का नाम च्मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनाज्होगा।

### *18 से 29 वर्ष के युवा होंगे पात्र*

योजना में कम से कम एक लाख युवाओं को प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी, 18 से 29 वर्ष के युवा, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं अथवा आईटीआई या उच्च है, वे योजना में पात्र होंगे। प्रशिक्षण के बाद मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड (स्क्क्रस्ष्ठश्वक्क) द्वारा स्टेट कॉउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (स्ष्टङ्क्ञ्ज) का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। योजना से युवाओं को प्रशिक्षण के साथ स्टाइपेंड मिलेगा, कौशल उन्नयन से उनके रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और कमाई का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा।

### *8 से 10 हजार रूपए तक होगा स्टाइपेंड

प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि योजना से देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित औद्योगिक तथा निजी संस्थानों को जो?ा जाएगा। प्रतिष्ठान के पास पैन नंबर और जीएसटी पंजीयन होना आवश्यक होगा। प्रतिष्ठान अपने कुल कार्यबल के 15 प्रतिशत की संख्या तक छात्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दे सकेंगे। योजना में 12वीं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को 8 हजार रूपए, आईटीआई उत्तीर्ण को 8 हजार 500 रूपए, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रूपए और स्नातक उत्तीर्ण या उच्च शैक्षणिक योग्यता वालों को 10 हजार रूपए प्रतिमाह स्टाइपेंट दिया जाएगा। स्टाइपेंड की 75 प्रतिशत राशि राज्य शासन की ओर से प्रशिक्षणार्थी को डीबीटी से भुगतान की जायेगी। संबंधी प्रतिष्ठान को निर्धारित न्यूनतम स्टाइपेंड की 25 प्रतिशत राशि प्रशिक्षणार्थी के बैंक खाते में जमा करानी होगी।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति करेगी योजना का संचालन

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा योजना का संचालन किया जाएगा। कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### *योजना में प्रशिक्षण के लिए 703 कार्य क्षेत्र चिन्हित*

योजना में प्रशिक्षण के लिए 703 कार्य-क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। इसमें विनिर्माण क्षेत्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, प्रबंधन, मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म, ट्रेवल, अस्पताल, रेलवे, आई.टी. सेक्टर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बैंकिंग, बीमा, लेखा, चार्टर्ड एकाउंटेंट और अन्य वित्तीय सेवाओं से जु? प्रतिष्ठानों को जो?ा जाएगा। मीडिया, कला, कानूनी और विधि सेवाएँ, शिक्षा-प्रशिक्षण तथा सेवा क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठान भी योजना में सम्मिलित होंगे। योजना से प्रशिक्षणार्थियों को उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक और प्रक्रियाओं में दक्षता प्राप्त होगी, जिससे उनके नियमित रोजगार के अवसर ब?ेंगे। योजना से प्रमुख प्रतिष्ठानों को जोड़ने के लिए पुणे, बैंगलुरू और नोएडा में कार्यशालाएँ की जाएंगी। साथ ही प्रदेश में युवाओं को योजना की जानकारी देने के उद्देश्य से संभाग और जिला स्तर पर गतिविधियाँ संचालित होंगी।



# स्टेशन के निकास द्वार पर पहरा बिठाकर चलाया चेकिंग अभियान

■ भोपाल, यशभारत।

**150 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा**

भोपाल रेलवे स्टेशन पर बुधवार को बाहर निकलने के सारे रास्ते बंद कर टिकट चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे 150 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनके पास यात्रा का टिकट नहीं था। इन यात्रियों से 96 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रश्मि बघेल एवं सौरभ कटारिया के नेतृत्व में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त (रेल सुरक्षा बल) दिग्विजय सिंह की संयुक्त निगरानी में 25 टिकट चेकिंग स्टाफ तथा आरपीएफ स्टाफ के सहयोग से स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सके। इस दौरान यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने की समझाइश दी गई। बिना बुक किये तय सीमा से अधिक सामान लेकर यात्रा करने वाले लोगों से भी जुर्माना राशि ली गई। ऐसे 229 मामलों से रेलवे को कुल रुपये एक लाख 35 हजार 350 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

# जल संसाधनों के प्रबंधन और संरक्षण में मध्य प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार

## प्रदेश को ट्राफी, प्रशस्ति-पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित

■ भोपाल, यशभारत।

जल संसाधन के बेहतर उपयोग, जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य के लिए केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय ने मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 की सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में प्रथम स्थान के लिए चुना है। पुरस्कार वितरण समारोह शीघ्र ही होगा, जिसमें प्रदेश को ट्राफी, प्रशस्ति-पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की जनता, जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को बधाई दी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरचनाओं का संरक्षण, संवर्धन एवं उचित प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण घटक है। यह गौरव की बात है कि समूचा मध्य प्रदेश इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास कर रहा है, यह सम्मान प्रदेश की इसी सोच का प्रमाण है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में जल जीवन मिशन एवं जल शक्ति अभियान की उपलब्धि, जल-संसाधन के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास, पानी की नीति, सिंचाई के लिए माइक्रो इरीगेशन तकनीकी का प्रयोग, नई माइक्रो इरीगेशन परियोजनाओं का क्रियान्वयन, जल उपयोग की दक्षता (एफीशिएंसी), जल-संरचनाओं का पुनरुद्धार, सीवेज एवं औद्योगिक अपशिष्ट पानी को उपचारित कर पुनः उपयोग आदि क्षेत्रों में प्रयासों एवं उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाता है।

### 11 श्रेणियों में दिया जाता है पुरस्कार

चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार अंतर्गत राज्यों, संगठनों और व्यक्तियों को 11 विभिन्न श्रेणियों (सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, मीडिया, स्कूल, संस्थान श्रेणी में आरडब्ल्यूए/धार्मिक/उच्च शिक्षण संस्थान, इंडस्ट्री, एनजीओ, वाटर यूजर एसोसिएशन और सीएसआर गतिविधि में उद्योग की श्रेणी में पुरस्कृत किया जा रहा है।

# एक करोड़ सात लाख महिलाओं के बैंक खाते संबद्ध, 10 जून को जमा होगी राशि

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक एक करोड़ सात लाख से अधिक महिलाएं पात्र हो चुकी हैं। उनके बैंक खाते डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के लिए संबद्ध कर दिए गए हैं। जबकि 18 लाख से अधिक महिलाओं के खातों को 30 मई तक डीबीटी के लिए संबद्ध कर दिया जाएगा। हालांकि 10 हजार से अधिक महिलाओं के आवेदन पर आपत्तियां आई हैं। जिनका निराकरण भी इस अवधि में किया जाएगा। 10 जून को इन खातों में पहली बार योजना के एक हजार रुपये जमा कराए जाएंगे। प्रदेश में 25 मार्च से 30 अप्रैल तक योजना के तहत एक करोड़ 25 लाख 23 हजार 437 आवेदन जमा कराए गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी महिला को बैंक स्तर पर कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, उन्हें बैंक न आना पड़े, यह प्रयास करें।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव की तर्ज पर व्यूहरचना शुरू की

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव की तर्ज पर व्यूहरचना शुरू कर दी है। तोड़ निकालने के बजाए भाजपा उनके चक्रव्यूह में फंसती नजर आ रही है। मनोवैज्ञानिक दबाव में सरकार तात्कालिक निर्णय तो कर लेती है, लेकिन हवा का रुख मोड़ने के लिए उपलब्धियां सामने रखने में चूक जाती है, खासतौर से पार्टी के नेता अपनी उपलब्धियों को आक्रामकता के साथ रख नहीं पा रहे हैं। नारी सम्मान योजना के साथ कांग्रेस की आक्रामकता के सामने जवाब देने की जगह भाजपा बचाव की मुद्रा में है। सस्ती बिजली, 500 रुपये में सिलेंडर, पुरानी पेंशन लागू करने का कांग्रेस का वादा हो या कर्जमाफी और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को 27 प्रतिशत आरक्षण जैसे मुद्दे हों, कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार को घेर रही है।ये हालत तब है जब शिवराज सरकार के खाते में लाड़ली लक्ष्मी योजना, मेधावी विद्यार्थी योजना, शहरी



विकास, औद्योगिकीकरण, गांव तक सड़कों के जाल सहित समाज कल्याण की कई योजनाएं और उपलब्धियां हैं। अपने चौथे कार्यकाल में शिवराज नई सोच के साथ आए हैं, जिसका असर औद्योगिक क्षेत्रों में दिख रहा है, लेकिन इन उपलब्धियों का जिक्र न होना भाजपा की कमजोरी तो कांग्रेस की ताकत बन रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने 500 रुपये में सिलेंडर और नारी सम्मान योजना जैसी घोषणाओं पर घेरा तो भाजपा ने दबाव में आकर इसका विरोध शुरू कर दिया। इसे लोक लुभावन घोषणाएं बताकर वीडियो जारी कर दिए कि कांग्रेस को अपने आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, समग्र आइडी न दें।कमल नाथ के चक्रव्यूह में उलझी सरकार महिलाओं, युवाओं और किसानों के एक वर्ग को खुश करने में लगी है, तो दूसरे वर्ग की नाराजगी का जोखिम भी है। भाजपा के आरोप हैं कि कमल नाथ की कांग्रेस सरकार ने पिछली बार बेरोजगारी भत्ते की बात कही थी, लेकिन भत्ता नहीं दिया।

# गौरव दिवस पर बिट्टन मार्केट मैदान में लगेगा सात दिवसीय फूड फेस्टिवल मेला

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल गौरव दिवस के अवसर पर बिट्टन मार्केट सात दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खरीदारी करने पर व्यापारियों द्वारा ग्राहकों को 25 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर महापौर मालती राय, कलेक्टर आशीष सिंह ने व्यापारी एसोसिएशन के साथ बैठक की। कलेक्टर आशीष सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी और कहा कि भोपाल का गौरव आम जनता का गौरव दिवस है। इसमें आम जनता की भावनाओं और उत्साह का प्रकटीकरण होना चाहिए।महापौर मालती राय ने कहा कि आप सभी व्यापारी एसोसिएशन होटल एसोसिएशन और होटल संचालकों को आगे आकर उत्सव को महोत्सव में बनाना है। इसके लिए आम जनता की सहभागिता बहुत जरूरी है। आम जनता से जितना व्यापारी जुड़ा हुआ है, उतना कोई और नहीं। यह सुनिश्चित हो कि सबको गौरव दिवस की जानकारी रहे। इससे आम जनता में उत्साह का संचार भी होगा।



# अपने रिश्तेदारों का भी मतांतरण कराना चाहता था एचयूटी का मास्टर माइंड

■ भोपाल, यशभारत।

देश विरोधी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) का मास्टर माइंड मो.सलीम उर्फ सौरभ राजवैद्य अपने रिश्तेदारों का भी मतांतरण कराना चाहता था। उसने अपने एक भांजे को बरगलाकर मतांतरण के लिए लगभग तैयार भी कर लिया था।इस बीच प्रदेश में धार्मिक स्वतंत्रता कानून बनने के कारण वह मतांतरण नहीं कर पाया। सलीम अपनी मां और चार बहनों को भी हिंदू विरोधी और देश विरोधी बातें कहकर बरगला रहा था। भोपाल का रहने वाला सौरभ 2014 में घर छोड़कर चला गया था। इसके बाद वह मतांतरण कर सलीम बन गया। वह जाकिर नाइक से बहुत प्रभावित रहा है।सौरभ के पिता अशोक राजवैद्य ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रक्षाबंधन पर राखी नहीं बंधवाने से बहनें भी उससे नाराज थीं। वह उनसे भी बहस करता था। इस्लाम को श्रेष्ठ बताने के लिए कई तर्क देता था।मां और चारों बहनों को उसने खूब समझाने की कोशिश की पर सफल नहीं हो पाया। हां, पत्नी उसके साथ ही मतांतरित होकर मुस्लिम बन गई थी। बता दें कि मतांतरित होकर सलीम उर्फ सौरभ हैदराबाद में रह रहा था। वह एक मेडिकल कालेज में डिमांस्ट्रेटर के पद पर था। वहां पर एचयूटी से लोगों को जोड़ने के लिए काम कर रहा था।

# पुलिस अस्पताल के डाक्टर के घर से चार लाख के जेवर चुराने वाली महिला सीसीटीवी में कैद

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के टीटी नगर के 45 बंगले इलाके में रहने वाले पुलिस अस्पताल के डाक्टर अरविंद यादव के घर से चार लाख का सामान चुराने वाली महिला सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस उसकी तलाश में लगी है। वारदात करने के उसके तरीके ने पुलिस के होश उड़ा दिए हैं। वह घर में अकेली महिला और बच्चों को झांसे में लेकर घर में घुस जाती है और कीमती सामान पर हाथ साफ कर फरार हो जाती है। पुलिस ने इंटरनेट मीडिया के अलग-अलग माध्यमों पर उसके फुटेज जारी कर मदद मांगी है।बता दें कि यह शातिर महिला जब डा अरविंद यादव के घर पर पहुंची तो उस समय घर पर उनके बच्चे ही थे। उनको बातों में फंसाकर घर से सोने और चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर जांच की तो एक स्थान पर महिला सीसीटीवी फुटेज में नजर आ गई। उसके बाद से भी वह एक दो वारदात कर चुकी है। महिला बेहद शातिर है। वह 60 साल के करीब नजर आती है। वह अपने साथ एक बैग, पालीथीन व लाल कापी और डायरी रखती है। वह देवी के भंडारा करने के नाम पर चंदा जमा करने घरों पर आती है। उस

# गृहमंत्री नरोत्तम के निर्देश पर पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के परियोजना यंत्री जनार्दन निलंबित

■ भोपाल, यशभारत।

पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के परियोजना यंत्री जनार्दन सिंह को निलंबित करने के आदेश गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को दे दिए। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त की बर्खास्त संविदा सहायक इंजीनियर हेमा मीणा के साथ जनार्टन सिंह की साठगांठ सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। इस मामले में आने वाले समय में और भी नए राजफाश हो सकते हैं। इधर, लोकायुक्त ने जर्नादन सिंह पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हम बता दें कि 11 मई को सुबह छह बजे लोकायुक्त ने बिलखिरिया इलाके में पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की प्रभारी सहायक इंजीनियर (संविदा) हेमा मीणा के फार्महाउस पर छापा मारा था। जहां से लोकायुक्त ने शुरुआत में सात करोड़ की संपत्ति मिलने का दावा किया है। संपत्तियों के मूल्यांकन काम किया जा रहा है। इधर जांच में पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के परियोजना यंत्री जनार्दन सिंह का नाम सामने आने के बाद गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने उनको निलंबित करने का निर्देश जारी कर दिए हैं। अब इस मामले में सवाल खड़े हो रहे हैं कि लोकायुक्त में इस मामले में पहले से शिकायत की थी। लोकायुक्त पुलिस उसकी जांच भी कर रही थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही थी। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर जनार्दन पर किसका हाथ था।



### सालों से तैनात हैं जनार्दन सिंह

जनार्दन सिंह पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन में सालों से तैनात रहे हैं। कई बार उनको हटाने के निर्देश आए, लेकिन वह हर बार बच गए। गृहमंत्री के इस मामले में बोलने के बाद अब लोकायुक्त ने जनार्दन सिंह की जांच का दायरा भी बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि लोकायुक्त टीम उनके घर पर भी दबिश दे सकती है।

# बुलेट और आटो की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत

भोपाल, ईएमएस। शहर के अरेरा हिल्स इलाके में एक बुलेट और ई-आटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 22 साल के आटो चालक युवक की मौत हो गई। वहीं बुलेट सवार भी घायल हो गया। मृतक आटो चालक की अगले महीने ही शादी होने वाली थी।एसआइ संजय कुमार सिंह ने बताया कि मोमिनपुरा का रहना वाला आसिफ (22) पुत्र मोहम्मद अनीस कुरैशी अपने दोस्त इरशाद के साथ मंगलवार शाम 7-30 बजे जेपी अस्पताल से जिंसी की तरफ बालू-सीमेंट ढोने वाली ट्राली बैटरी रिक्शे पर लेकर जा रहा था, तभी रेडक्रास अस्पताल के पास सामने से आ रही बुलेट से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में आसिफ के दोनों पैर, सिर और मुंह में गंभीर चोट आई थी। आसपास के लोगों ने आसिफ को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया।

# खुद कहानियां बनाकर नाटक मंचन का हुनर सीख रहे बच्चे, मंच पर जल्द दिखाएंगे प्रतिभा

■ भोपाल, यशभारत।

नीलबड़ में स्थित कोपल स्कूल में द राइजिंग सोसायटी आफ आर्ट एंड कल्चर संस्?था द्वारा निश्शुल्क नाट्य कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चे खुद कहानियां बनाकर उन्हें इंप्रोवाइज रहे हैं और खुद ही कैरेक्टर बन रहे हैं। इससे बच्चों की प्रतिभा को नया आयाम मिल रहा है। कहानियां ढूंढ कर ला रहे अपने आसपड़ोस की, अपने दोस्तों की परिवार की अपने मोहल्ले की अपने देश की। बच्चों की अपनी दृष्टि है कि उन्हें कैसी दुनिया चाहिए, उन्हें क्या अच्छा लगता है क्या नहीं लगता और क्यों। ये सब वो खुद बता भी रहे हैं और अपने अभिनय के माध्यम से दिखा भी रहे हैं। कार्यशाला में बच्चों को स्टोरी टेलिंग का हुनर भी सिखाया जा रहा है। असल में कहानी कहने से या इस प्रोसेस से बच्चे अपनी बात को सही तरीके से और बेझिझक कह पाएंगे अपने टीचर से अपने दोस्तों से अपने परिवार से। कई बार ऐसा होता है कि बच्चे किसी बात से भीतर ही भीतर डर से जाते हैं और किसी को कुछ नहीं बताते, या उनके पास कुछ करने का आइडिया है पर वो अपने आप को अभिव्यक्त नहीं कर पाते दूसरों के सामने। लेकिन जब हम दूसरों के सामने अभिनय करते हैं, अपने संवाद को समझ कर बोलते हैं तो धीरे-धीरे वो डर हमारे भीतर से गायब हो जाता है। इस प्रकार बच्चे अपने को अभिव्यक्त करना सीख रहे हैं। कार्यशाला का मार्गदर्शन निर्देशिका प्रीति झा व तानाजी कर रहें हैं, सहायक हैं संदीप पाटिल। पहले दिन बच्चों का काफिडेंस बूस्ट करने के लिए कुछ रंगमंचीय गेम्स खिला कर शुभारंभ किया गया था।

## क्रूज बोट पर पहली बार दिखा पंजा कुश्ती का रोमांच

# दर्शकों ने बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह

**बोट क्लब की सुनहरी शाम और क्रूज बोट पर पंजा कुश्ती का दखखम दिखाते खिलाड़ी। मौका रहा प्रो पंजा कुश्ती लीग का, जिसका आयोजन पहली बार भोपाल की सुनहरी वादियों के बीच किया गया। इसमें खासकर मप्र के दिव्यांग पहलवानों के अलावा सामान्य खिलाड़ियों ने भी अपने बाजुओं का दम दिखाया। इसमें सात जोड़ीदार पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। बता दें कि प्रो पंजा लीग की आनर और अभिनेत्री प्रीति झंगियानी और उनके पति अभिनेता प्रवीण डबास प्रमोशन के लिए बोट क्लब पर पहुंचे थे। साथ ही खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।**



■ भोपाल, यशभारत।

इस दौरान हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी रही। दर्शकों ने प्रतिभागियों का खूब उत्साह बढ़ाया। लीग में ग्वालियर के सात खिलाड़ी जीते। वहीं भोपाल के शाकिब खान भी अपनी चमके बिखेरने में सफल रहे। विजेताओं को 10-10 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया।

ये रहे विजेता

सचिन गोयल (ग्वालियर) विरुद्ध आकाश कुमार (आगरा)जोगेंद्र यादव (ग्वालियर) विरुद्ध मुजाहिद शेख (देवास)समीर खान (भोपाल) विरुद्ध विक्रम शेखावत (इंदौर) सोनू चौरसिया (ग्वालियर) विरुद्ध अफजल (भोपाल)पूजा भदौरिया (ग्वालियर) विरुद्ध आशा कुमारी (ग्वालियर)मनीष कुमार (ग्वालियर) विरुद्ध मेहबूब खान (भोपाल) अरविंद जाट (ग्वालियर) विरुद्ध सुजीत माहौर (ग्वालियर)सचिन तोमर (ग्वालियर) विरुद्ध शाद खान (उज्जैन)

### वर्ल्ड चैंपियनशिप मनीष ने भी दिखाया दम

इस लीग में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग पंजा कुश्ती पहलवान मनीष कुमार ने भी दमखम दिखाया। वे विश्व चैंपियन हैं। वे इस बड़ी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी भी हैं। 2015 मलेशिया में हुई चैंपियनशिप में उन्होंने यह पदक जीता था। उन्होंने अपने करियर में 20 स्वर्ण पदक जीते हैं।

### ये पंजा कुश्ती के नियम

-पंजा कुश्ती में जितना अहम रोल हाथ का होता है, उतना ही पैरों का भी। इसमें एक पैर जमीन पर टच होना जरूरी है।अगर दोनों पैर हवा में हैं तो यह फाउल है।-हार-जीत का फैसला हाथ के टेबल पर टच होने से ही नहीं होता, अगर दो बार फाउल हो जाए और डिसक्वालीफाई करके भी सामने वाले को हराया जा सकता है। -ग्रिप का भी अहम रोल होता है। रेफरी देखता है कि दोनों खिलाड़ी किसी तरह की ग्रिप तो नहीं बना रहे। अगर ग्रिप बनाई है तो यह फाउल है।-वेट कैटेगरी इसमें अहम है। हर खिलाड़ी का वेट के हिसाब से मुकाबला होता है। इसमें 60 किलो, 70 किलो, 80 किलो, 90, 100 या इससे अधिक किलो की कैटेगरी हैं।-मुकाबले के एक दिन पहले वजन होते हैं। कैटेगरी में खिलाड़ी को बांटा जाता है।-सामान्य खिलाड़ियों के लिए सामान्य कैटेगरी है। जबकि दिव्यांगों की अलग।

# अधिक कीमत पर स्टाम्प बेचने वाले वेंडर का लायसेंस निलंबित

## वीडियो वायरल होने पर कलेक्टर ने जिला पंजीयक से कराई थी जांच



**कटनी,यशभारत।** निर्धारित मूल्य से अधिक पर स्टाम्प विक्रय किए जाने के वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा कराई गई जांच में तथ्य प्रमाणित होने पर न्यायालय कलेक्टर ऑफस्टांप एवं जिला पंजीयक कटनी द्वारा आरोपित स्टांप वेंडर को जारी स्टाम्प अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। साथ ही अनुज्ञप्ति, स्टाम्प विक्रय पंजी, स्टॉक पंजी और स्टॉक वरिष्ठ उपपंजीयक कटनी के समक्ष प्रस्तुत कर जमा करने के आदेश दिए हैं। स्टाम्प वेंडर अजय कुमार पाटकर द्वारा स्टाम्प विक्रय हेतु निर्धारित मूल्य से अधिक रुपयों की मांग किए जाने संबंधी वीडियो के वायरल होने और तत्संबध में प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसकी जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे।

वायरल वीडियो और समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के आधार पर जिला पंजीयक कटनी द्वारा स्टाम्प वेंडर अजय कुमार पाटकर को इस संबंध में 15 मई को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। 16 मई को स्टाम्प वेंडर द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को समाधानकारक और संतोषप्रद न पाते हुए एवम् वायरल वीडियो निर्धारित मूल्य से अधिक की मांग किया जाना प्रतीत होने के मद्देनजर स्टाम्प वेंडर अजय कुमार पाटकर का उक्त कृत्य मध्यप्रदेश स्टाम्प नियम 1942 के नियम 27(1)(घ)(ड़)(च) का उल्लंघन पाया गया। जिसमें अवैध संव्यवहार, ऐसे कार्यकलापों में संलिप्त रहने पर जिससे कार्यालय में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता हो। नियमों एवम् शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर न्यायालय कलेक्टर ऑफस्टाम्प एवं जिला पंजीयक द्वारा स्टाम्प वेंडर अजय कुमार पाटकर को जारी स्टाम्प अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई है।

# अब लखापतेरी तक चलेगी सिटी बस

**पहरूआ मंडी से तिलक कॉलेज होते हुए जुहला तक का रूट भी तय**



**कटनी,यशभारत।** कटनी नगर में लोक परिवहन हेतु परिवहन कंपनी दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड कटनी के संचालक मंडल की बैठक कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार शाम 6:30 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की डायरेक्टर महापौर प्रीति सूरी, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, परिवहन अधिकारी सहित सदस्य विनोद दुबे यातायात थाना प्रभारी, सुनील सिंह नोडल अधिकारी नगर पालिक निगम कटनी, रवि हनोते उपयंत्री नगर पालिक निगम कटनी, आमंत्रित सदस्य श्रीकांत तिवारी सहायक लेखापाल नगर पालिक निगम कटनी कैलाश चन्द्र अग्रवाल कंपनी सी.ए. जबलपुर, बस ऑपरेटर दीनानाथ अरोरा ओम लोजेस्टिक जबलपुर नसीम ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कैमोर सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा क्लस्टर डी अंतर्गत चाका से पिपरौंध मार्ग पर संचालित होने वाली चार बसों के संचालन एवं यात्रियों की जानकारी ली गई। बैठक के दौरान शहर के जनप्रतिनिधियों, छात्रों, नागरिकों तथा बस संचालकों की मांग पर चाका से पिपरौंध मार्ग की 2 बसों का मार्ग परिवर्तन कर खड़ौला से जोहला वाया इंद्रानगर, पन्ना मोड, बस स्टेंड, जगन्नाथ चौक, गर्ग चौराहा, दुर्गा चौक, तिलक कॉलेज, जोहला मार्ग कुल लंबाई 22 किलोमीटर तक चलवाए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चाका से पिपरौंध तक चलनें वाली बस का रूट लखापतेरी तक किये जानें का निर्णय लिया गया। क्लस्टर क्रमांक डी में बस ऑपरेटर के आवेदन अनुसार 4 नवीन सिटी बसों की वृद्धि किये जाने के संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा यातायात प्रभारी से टैफ्कि के संबध में जानकारी ली जाकर प्रस्ताव को आगामी बैठक मे रखने के निर्देश प्रदान किये। बस ऑपरेटर द्वारा चार सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है किन्तु मार्ग पर एक घंटे की आवृति होने के कारण यात्रियों की संख्या में वृद्धि न होने के कारण 45 मिनट का आवृति समय निर्धारित करनें के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान क्लस्टर क्रमांक 1 अंतर्गत संचालित इंटरसिटी बसों के तहत परिवहन कंपनी द्वारा स्टेंडर्ड ए.सी बस अंतर्गत कटनी से इंदौर हेतु चलनें वाली दो बसों की जानकरी ली गई । निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि कटनी से छिंदवाडा, कटनी से बालाघाट, कटनी से जबलपुर, मिडी बस अंतर्गत चाका से पिपरौंध एवं बिलहरी से मिशन चौक तक 10 बसों के संचालन हेतु मार्च 2023 तक का समय दिया गया था। इस हेतु बस आपरेटर को अंतिम सूचना भी दी जा चुकी है। आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं किये जाने पर निविदा निरस्तीकरण का निर्णय लिया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि बैठक में क्लस्टर क्रमांक ए में बस ऑपरेटर द्वारा लाई गई 3 बसों के संचालन, परमिट, लाकार्पण स्थल दिनांक पर चर्चा सहित कटनी से रीठी मार्ग का सूत्रीकरण कर परमिट प्रदाय करनें के संबंध में चर्चा की गई। निगमायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि क्लस्टर क्रमांक ए की 6 बसों कटनी से कैमोर , कटनी से रीठी, कटनी रेल्वे स्टेशन से चाका बाईपास हेतु कुल 6 बसों के संचालन हेतु 6 जनवरी 2023 को अनुबंध किया गया। जिस हेतु बस संचालक नसीम ट्रांसपोर्ट द्वारा 3 बसों के रजिस्ट्रेशन एवं परमिट आवेदन कटनी आर.टी.ओ में लगाये गए है। क्लस्टर क्रमांक बी के तहत कटनी से बरही, कटनी से बडवारा, जुहला बाईपास से एन.के.जे हेतु 7 मिडी बस का अनुबंध नहीं किया गया है जिस हेतु मार्च 2023 तक का समय दिया गया था। इसी तरह कटनी से बहारीबंद, कटनी से निवार एवं कटनी रेल्वे स्टेशन से पिपरौंध तक चलनें वाली 7 मिडी बस हेतु भी मार्च 2023 तक का समय दिया गया था। बस संचालक कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं परमिट आवेदन की प्रक्रिया प्रचलन में होने की जानकारी प्रदान किये जानें पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा परिवहन विभाग के अधिकारियों को परमिट की समस्या का निराकरण करानें के निर्देश दिए गए।

### बस स्टैंड में बनेगा कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन सेंटर

बस स्टेण्ड में सिटी बस हेतु आई.टी.एम.एस कंट्रोल रूम, कंट्रोल रूम, हेल्पलाईन सेंटर निर्माण के लिए भवन आरक्षित करने एवं आई.टी.एम.एस कंट्रोल रूम बनाये जाने हेतु भूमि का चयन कर प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। नगर की यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए माधवनगर चौराहे में सोलर ट्रेफिक सिग्नल लगाये जानें, विगत तीन वर्षो में पन्ना तिराहा, बडे हनुमानमंदिर से चाका तिराहा, झिंझरी, दुर्गा चौक माधवगनर, एन.के.जे, कुठला सहित अन्य स्थलों पर घटित दुर्घटनाओं पर पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित 437 ब्लैक स्पाट की जानकारी पुलिस विभाग को उपलब्ध करानें व सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रकरण को रखनें हेतु निर्देशित किया गया। परिवहन कंपनी कार्यालय हेतु स्टॉफकी नियुक्ति के संबध में प्रावधानों की जानकारी ली जाकर शासन नियमों का पालन करते हुए एक स्टॉफकी नियुक्ति किये जानें के निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद ने दिए। बैठक के दौरान बस आपरेटर कंपनी द्वारा स्टेशन एवं मिशन चौक तिराहे में आटो संचालकों की समस्या से अवगत कराये जाने पर यातायात विभाग को समस्या के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।



# 13 क्विंटल महुआ लाहन एवं 25 लीटर अवैध मदिरा जप्त

## आबकारी अधिनियम के तहत 5 मामले दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिला में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण की रोकथाम हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री आर.के. बघेल के निर्देशन में रोजाना विशेष अभियान चलाया जाकर जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत मंगलवार को आबकारी वृत्त बहोरीबंद के ग्राम करहिया, मतवारीहार, रैपुराहार, घुघरा, कैमोरीहार में केशव प्रसाद उईके आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान गया। जिसमें आबकारी की टीम, द्वारा की गई कार्यवाही में 1305 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 25 लीटर अबैध हाथ भट्टी मदिरा की जप्ती के साथ ही कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। अभियान के दौरान अनुमानित राशि लगभग 70 हजार रूपये का लाहन तथा मदिरा जप्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी श्री आर.के. बघेल ने बताया कि कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार शुक्ला, एस.डी. सिंह, कृष्ण कुमार पटेल, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, धरमू काछी, राम सिंह सम्मिलित रहे। जिले में इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# हजारों किलोमीटर दूर बैठे प्रतिभागी भी हो रहे शामिल

## कटनी को जानने प्रतियोगिता को लेकर मची होड़, फरीदाबाद की मोनिका बनीं 16 मई की विजेता

**कटनी,यशभारत।** क्या बच्चे.. क्या बुजुर्ग...सभी पूरे उत्साह के साथ ष्कटनी को जानें ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। कटनी जिले की सीमा से हजारों किलोमीटर दूर दूसरे प्रदेशों में बैठे नागरिक भी ऑनलाइन मोड पर कटनी को जानने उतने ही उत्सुक नजर आ रहे हैं, जितने कटनी के नागरिक। इतना ही नहीं हजारों किलोमीटर दूर बैठे ये प्रतिभागी कटनी के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध वर्तमान से सम्बन्धित 10 आसान से सवालों का सही सही जवाब देकर पुरुस्कार राशि भी जीत रहे हैं। जिसका एक और ताजा उदाहरण है फरीदाबाद हरियाणा की मोनिका सिंघल। जिन्होंने 16 मई को आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। 16 मई को आयोजित इस प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय चेतना के केंद्र तिलक राष्ट्रीय विद्यालय के बारे में करीब से जाना। स्वतंत्रता आंदोलन दौरान स्वदेशी शिक्षा और चेतना के केंद्र के रूप में स्थापित इस विद्यालय को प्रारंभ करने वाले राष्ट्रीय पितृ पुरुषों और उनके भावों और कृत्यों को समझा। महात्मा गांधी, रविशंकर शुक्ल, शंकर दयाल शर्मा जैसे महापुरुषों द्वारा बिताए गए पलों के साक्षी इस विद्यालय के राष्ट्रीय महत्व के बारे में भी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के माध्यम से ही जानकारी प्राप्त हुई। 17 मई की प्रतियोगिता दौरान प्रतिभागी कटनी के गौरवशाली इतिहास को बयां करती पुष्पावती नगरी बिलहरी और गुप्तकालीन मंदिर से सुशोभित तिगवां के बारे में जानकारी प्राप्त कर 10 बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर आज रात 12 बजे तक देकर पुरुस्कार प्राप्त करने की दौड़ में शामिल हो सकेंगे। कटनी को जानें ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के 16 मई के परिणाम गत सुबह 11 बजे घोषित किए गए। जिसमें फरीदाबाद हरियाणा की मोनिका सिंघल ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इनके अलावा शेष तीनों स्थानों पर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभागी काबिज हुए। जिनमें ग्राम उमरधा मझौली जिला जबलपुर के अजय सिंह लोधी, ग्राम बम्होरी कटनी की कंचन बैरागी और ग्राम बंधी स्लीमनाबाद की नीलू तिवारी ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सम्पूर्ण देश से भारत का कोई भी नागरिक की साइट पर जाकर या प्रतियोगिता से सबंधित क्यूआर कोड को स्कैन कर इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकता है।

# सामान्य सभा की बैठक 23 को

कटनी,यशभारत।

जिला पंचायत कटनी की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 23 मई मंगलवार को समय दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक मे उद्यान विभाग की योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा, मत्स्य पालन विभाग द्वारा विगत् 05 वर्षो में कराये गये निर्माण कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के तालाबों की जनपद पंचायतवार समीक्षा के साथ साथ जल जीवन मिशन अंतर्गत वर्षवार स्वीकृत, प्रगतिरत एवं पूर्ण परियोनाओं की ग्रामवार समीक्षा तथा चालू व बंद हैण्डपंप की समीक्षा, नागरिक आपूर्ति निगम (नॉन) के द्वारा राशन दुकानों में भेजे गये खाद्यान्न एवं राशन दुकानों के द्वारा प्राप्त खाद्यान्न तथा वितरित किये गये खाद्यान्न की माह जुलाई 2022 से अप्रैल 2023 तक एवं राशन दुकान द्वारा अनियमितता करने पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति पर चर्चा कर समीक्षा की जाएगी। बैठक मे 15 वॉ वित्त आयोग अंतर्गत माननीय जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव एवं सूची का अनुमोदन व अन्य बिन्दु विस्तार से चर्चा कर समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से बैठक मे उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# नगर निगम में 24 मई तक लिए जाएंगे मुख्यमंत्री कन्या विवाह के आवेदन

**महापौर ने की अपील अधिक से अधिक संख्या में शहर के पात्र हितग्राही हो शामिल**



**कटनी,यशभारत।** कटनी मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह संशोधित योजना 2022 के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन नगर पालिक निगम परिसर में किया जाएगा। जिसमें कन्या विवाह कल्याणी परित्यक्ता के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शहर के पात्र हितग्राहियों से मध्यप्रदेश और शासन द्वारा संचालित योजना का अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की गई है। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि प्रदेश शासन की जन कल्याण के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आमजन को बहुतायत संख्या में लाभ मिल रहा है। यह योजना आम आदमी के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना प्रभारी रवि शंकर पांडे ने बताया कि विवाह के लिए हितग्राही निगम कार्यालय की योजना शाखा में निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेज सहित दिनांक 24 मई तक अनिवार्य रूप से आवेदन जमा कर दें। उन्होंने बताया कि विवाह के लिए मध्यप्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र एवं वधू की आयु 18 वर्ष वर की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही आवेदन के साथ वर वधू के आयु संबंधी दस्तावेज दोनों की समग्र आईडी समग्र आईडी में आधार नंबर राशन कार्ड एवं क्षेत्र का होना अनिवार्य किया गया है।

# जनसेवा शिविरों में मौके पर ही हो रहा समस्याओं का निराकरण

## 16 मई तक आयोजित शिविरों में 23 हजार 52 आवेदन स्वीकृत



**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत बुधवार 10 मई को की गई। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में यह अभियान जिले में 31 मई तक चलाया जाकर जिले की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में मौके पर ही लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की 67 प्रमुख नागरिक सेवाओं के आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। आयोजित शिविरों में 23 हजार 052 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत 16 मई तक आयोजित शिविरों में चालू खसरा तथा खतौनी की प्रतिलिपियां प्रदान करने के 585, चालू नक्शा की प्रतिलिपियां प्रदान करने के 373, अविवादित नामांतरण के 842, अविवादित बटवारा के 115, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करने के 624, आय प्रमाण पत्र जारी करने के 366, अनुसूचित जाति- जनजाति के लिए जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने के 4375, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने के 5261, विमुक्त घुम्मकड़ एवं अर्द्ध घुम्मकड़ जाति के लिए जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करना 60, जाति प्रमाण पत्र में जन्म तिथि आधार समग्र नम्बर में सुधार करने के 142, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों- ईडब्ल्यूएस नागरिकों के आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के 119, स्थानांतरण प्रमाण पत्र के 56 व चरित्र प्रमाण पत्र के 56, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग अंतर्गत व्यापारी को अनुज्ञप्ति प्रदान करने के 6 व प्रसंस्करणकर्ता तथा विनिर्माता को अनुज्ञप्ति प्रदान करने के 1, फल सब्जी व्यापारी को अनुज्ञप्ति प्रदान करना 8, सहकारिता विभाग के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान साख पत्र का नवीनीकरण 8044 आवेदन स्वीकृत किये गए। परिवहन विभाग के अंतर्गत लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के 162, ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण के 16, वाहन पंजीयन का नवीनीकरण 2, राजस्व विभाग अंतर्गत भूमि का सीमांकन 303, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जन्म के 1 वर्ष के पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति के 14, मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति के 3, ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण हेतु अनुज्ञा पत्र के 82, जन्म का प्रमाण पत्र प्राप्त 66, मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के 108, विवाह पंजीयन के 47 व जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम जुड़वाने के 3 , लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत विकलांगता प्रमाण पत्र दिए जानें के 25, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निम्न दाब के व्यक्तिगत नवीन विद्युत कनेक्शन के लिए मांग पत्र प्रदान करने के 106, विभाग अंतर्गत आकस्मिक योजना नियम 1995 के अंतर्गत राहत प्राप्त न होने संबंधी 1 आवेदन स्वीकृत किया गया।

# राज्य स्तर पर सराहा गया फाइलेरिया उन्मूलन का प्रचार-प्रसार कार्य

**कटनी,यशभारत।** जिले में फाइलेरिया (हांथी पांव) उन्मूलन के लिए चलाया जा रहा जन जागरूकता अभियान पूरे प्रदेश में बेहतर रहा। कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले वासियों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए किए गए व्यापक प्रचार-प्रसार जागरूकता अभियान की राज्य स्तर पर सराहना की गई। इसके लिए सोमवार को भोपाल में आयोजित समारोह में कटनी जिले को फाइलेरिया अंतर्गत एमडीए मे प्रचार-प्रसार के बेहतर कार्य हेतु प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर अवि प्रसाद ने फाइलेरिया के प्रति जागरूकता पैदा करने और इस अभियान में कटनी जिले के नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से 10 फरवरी से 24 फरवरी तक फाइलेरिया क्विज प्रतियोगिता का अनूठा नवाचार किया। जिसमें 6773 प्रतिभागियों ने क्विज में भाग लेकर फाइलेरिया बीमारी के प्रति जागरूकता का परिचय देकर सामाजिक सरोकारों के प्रति सहभागिता निभाई थी । फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में 10 फरवरी को प्रदेश के वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा की मौजूदगी में जिले के करीब 5 हजार लोगों ने फाइलेरिया से बचाव हेतु डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली का सामूहिक सेवन किया था। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद के मार्गदर्शन में जिले में व्यापक रणनीति आधारित कार्ययोजना पर अमल किया गया। इसके तहत 13 फरवरी से 17 फरवरी तक घर-घर जाकर 2 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। साथ ही 20 फरवरी से 22 फरवरी तक मापअप दिवस के दौरान किन्ही कारणों से छूटे

# नालंदा विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

## 5वीं एवं 8वीं कक्षा का परीक्षा फल रहा शत प्रतिशत



**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित किये गये 5वीं एवं 8वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में नालंदा उ.मा. विद्यालय 21- सिविल लाइन कटनी के छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा कक्षा 5वीं में श्रेयांश दुबे 85.5 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, इशिका साहू 82.5 प्रतिशत एकलव्य राजभार 82.5 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय एवं आशीष मौर्या 80.75 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान अर्जित किया। वहीं कक्षा 8वीं में अनुष्का सराठे 93.5 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, तेजस्विता नंदनवार 91.6 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय एवं हर्षिता गौतम 91.5 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय प्राचार्या श्रीमति भारती निगम ने उत्कृष्ट परिणामों के लिये सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

# लू से बचने के लिए तरल पेय पदार्थों का करें सेवन



**कटनी,यशभारत।** बढ़ती गर्मी में लू की चपेट में आने से बचने के लिये पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। नींबू पानी, छाछ, लस्सी, जूस और ओआरएस का घोल शरीर को पानी की कमी से बचाए रखता है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा आदि अधिक पानी की मात्रा वाले फल और सब्जियां खाएँ। घर से निकलते वक्त पानी की बॉटल साथ रखें। सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुड़िया ने बताया कि घर से बाहर निकलते वक्त अपने सिर को टोपी, दुपट्टे, छाता, गमछा या किसी अन्य कपड़े से ढक कर ही निकलें, सीधी धूप में आने से बचें। अगर बाहर निकलना आवश्यक न हो, तो घर में ही रहें और अपने आवश्यक काम हो सके तो सुबह और शाम करें। टीवी, रेडियो, समाचार-पत्र आदि के माध्यम से तापमान पर नजर रखें। घर के ऐसे दरवाजे और खिड़कियाँ, जो सीधे धूप के प्रभाव में रहते हैं, उन्हें बंद रखें या पर्दे डालकर रखें। इन्हें रात में शुद्ध हवा के लिये खोलें। बच्चे, गर्भवती महिलाएं, मानसिक रोगी, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग आदि गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति अतिरिक्त सावधानी बरतें। सामान्यतः शरीर का तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस से 37.2 डिग्री सेल्सियस होता है। लू लगने पर तापमान में बढ़ोतरी, घमोरियां, हाथ-पाँव और टखनों में सूजन, बेहोशी, मांसपेशियों में ऐंठन आदि हो सकती हैं। हीट स्ट्रोक हृदय, श्वसन और किडनी के मरीजों को परेशानी में डाल सकता है। अगर आप धूप से आएँ हैं और चक्कर, बेहोशी, जी मचलाना, उल्टी, सिरदर्द, तीव्र, प्यास और साँस-धडक़न तेज हो गई है, तो फौरन ठंडे स्थान पर पहुँचे और ठंडे पेय पदार्थ लेना शुरू कर दें। खाना बनाते समय दरवाजा और खिडक़ी खोलकर रखें। चाय, काफी, साफ्ट ड्रिंक और जिनमें अधिक मात्रा में शक्कर होती है ऐसे पेय पदार्थों का सेवन न करें। यह पदार्थ शरीर के जल को कम करते हैं और पेट में मरोड़ उत्पन्न करते हैं। बासी भोजन करने से बचें। अधिकतम पानी का सेवन सर्वोत्तम है। अगर एक घंटे से अधिक समस्या रहती है, तो चिकित्सकीय सलाह लें।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

MITTAL MALL

Paytm

bookmyshow

From 15th May 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 15 May to 18 May, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
| --- | --- | --- |
| The Kerala Story | 10.00.00 AM | 119-147-174-321 |
| The Kerala Story | 1.00.00 PM | 119-147-174-321 |
| The Kerala Story | 4.00.00 PM | 119-147-174-321 |
| The Kerala Story | 7.00.00 PM | 119-147-174-321 |
| The Kerala Story | 10.00.00 PM | 119-147-174-321 |
| **Audi-02** | **Show** | |
| The Kerala Story | 11.00.00 AM | 119-147-174-321 |
| The Kerala Story | 2.00.00 PM | 119-147-174-321 |
| The Kerala Story | 5.00.00 PM | 119-147-174-321 |
| The Kerala Story | 8.00.00 PM | 119-147-174-321 |
| The Kerala Story | 10.45.00 PM | 119-147-174-321 |
| **Audi-03** | **Show** | |
| Chatrapathi Hindi | 10.30.00 AM | 120-140-140 |
| IB71 Hindi | 1.30.00 PM | 120-140-140 |
| Chatrapathi Hindi | 4.30.00 PM | 120-140-140 |
| IB71 Hindi | 7.30.00 PM | 120-140-140 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# धवन ने दिल्ली के खिलाफ मिली हार के लिए खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया

**धर्मशाला (ईएमएस)।** यहां हुए आईपीएल के अहम मुकाबले में पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 15 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के साथ ही पंजाब के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी समाप्त हो गयी हैं।



इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने दो विकेट पर 213 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम आठ विकेट पर 198 रन ही बना पायी। हार से निराश पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने इसके लिए खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया है। धवन के अनुसार शुरुआती ओवरों में उनकी टीम के गेंदबाज दिल्ली पर अंकुश नहीं लगा पाये जिससे उसने तेजी से रन बना लिए। साथ ही कहा कि अंतिम ओवर स्पिनर से कराने का प्रयोग भी नाकाम रहा। इस मैच में दिल्ली के बल्लेबाजों ने पावरप्ले के छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 61 रन बनाए थे। धवन ने कहा, ''हम पहले छह ओवर में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये। हमें तब कुछ विकेट लेने चाहिए थे क्योंकि उस समय गेंद टर्न ले रही थी। उन्होंने कहा, ''जब तक लियाम लिविंगस्टोन बल्लेबाजी कर रहा था, हमें जीत की उम्मीद बंधी हुई थी पर गेंदबाजी के दौरान अंतिम ओवर स्पिनर से कराने का मेरा फैसला भी सही नहीं रहा। वहीं पावरप्ले में भी तेज गेंदबाजों ने सही लाइन व लैंथ से गेंदबाजी नहीं की जिससे विरोधी टीम ने काफी रन बना लिए थे।

# ऑस्ट्रेलिया को हरा सुदीरमन कप में खत्म हुआ टीम इंडिया का सफर, 4-1 से मिली जीत





**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुदीरमन कप का आयोजन इस साल चीन में खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट से पहले ही बाहर हो चुकी टीम इंडिया ने बुधवार को अपना अंतिम मुकाबला खेला। जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को से हरा दिया। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट के सबसे मुश्किल ग्रुप में शामिल थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया समेच चीनी ताइपे और मलेशिया भी इस ग्रुप का हिस्सा थे।

## अंतिम मैच में ऐसे जीती टीम इंडिया

खिताबी की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके भारत ने सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में ग्रुप सी के अपने अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत के साथ अपने अभियान को खत्म किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिली। साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की मिक्सड डबल जोड़ी को केनेथ झे हूई चू और ग्रोन्या सोमरविले के खिलाफ 21-17 14-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय ने हालांकि केवल 28 मिनट में जैक यू पर 21-8 21-8 से शानदार जीत के साथ स्कोर बराबर कर दिया।

भारत इस मैच से पहले चीनी ताइपे से 1-4 और मलेशिया के खिलाफ 0-5 से हार गई थी। इन दोनों मैचों में मिली हार के कारण टीम इंडिया पहले ही इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी।

## ऑस्ट्रेलिया को हराया

टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी थी और दांव पर कुछ नहीं था ऐसे में भारत ने पीवी सिंधू के स्थान पर अनुपमा उपाध्याय को महिला सिंगल में उतारा और इस युवा खिलाड़ी ने निराश नहीं किया। उन्होंने टिफनी हो पर 21-16 21-18 से जीत दर्ज की। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने पुरुष युगल में रिकी टैंग और रेयान वांग को 21-11 21-12 से हराकर भारत को 3-1 से अजेय बढ़त दिला दी। क्रेस्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने कैटलिन ईए और एंजेला यू पर 21-19 21-13 से जीत दर्ज कर भारत की बढ़त को 4-1 किया। भारत इस साल टूर्नामेंट में कुछ खास न कर सका, लेकिन जीत के साथ खत्म हुए इस टूर्नामेंट में भारत अगले साल के लिए वापसी की राह तलाश रहा होगा।

# अब हमें सनराइजर्स को हराना होगा : रोहित

**मुम्बई (ईएमएस)।** सुपर जायंट्स के खिलाफ हार के साथ ही मुंबई इंडियंस के लिए प्लेऑफ की राह कठिन हो गयी है। अब उसे शीर्ष चार में पहुंचने के लिए आने वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराना होगा। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने लखनऊ के खिलाफ मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा कि उनकी टीम ने इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कठिन नहीं था पर कुछ गलतियां टीम पर भारी पड़ीं। उन्होंने कहा कि हम पारी के दूसरे भाग में लय कायम नहीं रख पाये। स्टोइनिस ने इस मैच में अच्छा खेला और सभी को वैसी ही बल्लेबाजी करनी चाहिये थी। रोहित ने कहा कि हमने वास्तव में अच्छी तरह से पिच का आंकलन किया और यह बल्लेबाजी करने के लिए एक अच्छी पिच थी। साथ ही कहा कि हमने आखिरी ओवर में अधिक रन दे दिये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए हमारी शुरुआत भी ठीक थी पर दूसरे हाफ में टीम लय नहीं बनाये रख पायी। रोहित ने अब प्लेऑफ के समीकरण पर कहा कि अब भी मुझ समझ नहीं आ रहा है कि गणना अंक और नेट रन रेट के आधार पर किस प्रकार टीमें तय होंगी।

# गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने किया महक जायसवाल का सम्मान



**जबलपुर, यशभारत।** गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश के द्वारा सम्मान समारोह व बैठक का आयोजन होटल ऋषि रीजेंसी में किया गया। फेडरेशन गतका प्रतियोगिता चंडीगढ़ में 21 से 23 अप्रैल 23 को प्रतियोगिता खेलीं गई थी जिसमे मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जबलपुर की कु.महक जायसवाल ने कास्य पदक जीता। गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन म.प्र. द्वारा, कु. जायसवाल का सम्मान ट्राफी प्रदान करके किया गया इस कार्यक्रम में *गतका एसोसिएशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुजराल , उपाध्यक्ष दलवीर सिंह जस्सल , सचिव परमजीत सिंह , कोषाध्यक्ष हरविंदर सिंह ढिल्लों ,सदस्य अमरदीप सिंह सग्गू तथा हरविंदर सिंह* शामिल हुए इस बैठक कार्यक्रम में गतका एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा समर कैंप के आयोजन, जिला और राज्य प्रतियोगिता के आयोजनों के बारे में चर्चा की गई।

# रुसो ने कुर्रन की गेंद पर लगाया सबसे लंबा छक्का

**धर्मशाला (ईएमएस)।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज राइली रुसो ने आईपीएल लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 82 रन बनाये। मिशेल मार्श की जगह शामिल किये गये दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रुसो ने अपने चयन को सही साबित करते हुए नंबर तीन पर 82 रन बनाये।



इससे दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 213 रन बनाये। रुसो ने अपनी इस पारी के दौरान 6 चौके और इतने ही छक्के लगाए। रुसो ने एक 196 मीटर लंबा छक्का मारा जिसकी तारीफ दक्षिण अफ्रीका के ही दिग्गज बल्लेबाज एबी डी विलियर्स ने भी की है। रुसो का यह छक्का इसलिए भी अहम हो जाता है क्योंकि ये आईपीएल के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी सैम कुर्रन की गेंद पर लगा है। इस पर लगा छक्का इतना लंबा था कि गेंद मैदान के बाहर चली गई। रुसो के इस छक्के के बाद विलियर्स ने ट्वीट किया रुसो का वह छक्का निश्चित रूप से 96 मीटर का नहीं था। शायद 196 मीटर का था।

# एशियाई खेलों के लिए विदेश में प्रशिक्षण ले सकेंगे नाविक



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने ओलंपियन नौकायन खिलाड़ियों को इस साल चीन में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए विदेश में प्रक्षिक्षण की अनुमति दे दी है। ऐसे में नेत्रा कुमानन, विष्णु सरवनन, वरुण ठक्कर और केसी गणपति जैसे ओलंपियन नौकायन खिलाड़ी हांगझोऊ एशियाई खेलों की तैयारी के लिए सितंबर तक विदेशों में विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण लेने के साथ ही प्रतियोगिताओं में भी भाग ले सकेंगे। इसपर आने वाला सारा खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा। खेल मंत्रालय द्वारा मई से सितंबर तक विदेश में प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में शामिल चार खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद यह निर्णय लिया गया है। नेत्रा इस दौरान सितंबर तक ग्रैन कैनरिया, स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी। वह कील, जर्मनी (कील वीक), मार्सिले, फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा) और शेवेनिंगेन, नीदरलैंड्स (विश्व सेलिंग चैंपियनशिप) जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगी। वहीं विष्णु विभिन्न स्थानों (वेलेंशिया, मिलान, डबलिन, द हेग, क्रोएशिया और मुंबई) में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। वह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए हांगझोऊ जाने से पहले यूरआईएलसीए यूरोपा कप, आईएलसीए ओपन एशियाई चैंपियनशिप, मार्सिले ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा और विश्व चैंपियनशिप (ओलंपिक क्वालीफायर) में प्रतिस्पर्धा करेंगे। वरुण और गणपति की टीम कील, जर्मनी (कील वीक), फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा), द हेग (विश्व चैम्पियनशिप) और चीन में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करेगी।

# शुभमन , यशस्वी हैं भारतीय टीम का भविष्य : पीटरसन

**मुम्बई (ईएमएस)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने कहा है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट में नये सितारे बनकर उभरेंगे। पीटरसन के अनुसार टीम प्रबंधन को अब अधिक समय बिताये बिना ही इन दोनो को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अवसर देने चाहिये क्योंकि ये दोनो ही तकनीकी रुप से कुशल हैं। पीटरसन ने कहा, शुभमन और यशस्वी भविष्य में भारत के शीर्ष क्रम के सितारे होंगे। मेरा मानना है कि एकदिवसीय क्रिकेट में ये दोनो ही बेहद सफल रहेंगे। इन्हें तत्काल टीम में जगह दी जानी चाहिये। शुभमन ने अब आईपीएल 2023 के 13 मैचों में 576 रन बनाए हैं। पीटरसन ने कहा कि वे पूर्ण सितारे हैं जो आने वाले समय में महान सितारे बनेंगे। पीटरसन ने कहा, आईपीएल युवा खिलाड़ियों को तीन चीजें देता है। यह उन्हें खेलने



का अवसर देता है, यह उन्हें दुनिया भर के प्रशंसकों के सामने एक मंच देता है। स्टेडियम भरे हुए हैं, सब कुछ व्यस्त है, और यह उच्च तीव्रता वाला है। यदि आप इसमें सफल हो जाते हैं तो आपकों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जगह मिलना तय है।

## रंग संसार

# वनराज-अनुपमा को साथ देख उड़ेंगे फैंस के होश, देखता रह जाएगा अनुज !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीवी टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप पर रहने वाले शो अनुपमा में हर दिन एक नया धमाल देखने को मिलता है। जैसे-जैसे शो पुराना हो रहा है, वैसे-वैसे शो और इसके कलाकारों को पसंद करने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब आने वाले एपिसोड में क्या नया बवाल होने वाला है उसकी हर अपडेट यहां आपको मिलेगी।

## अनुपमा दिखी परेशान

बीते एपिसोड में आपने देखा कि अनुज, माया और अनु के साथ शाह हाउस पहुंच गया है। इनसे ठीक पहले अनुपमा भी वहां पहुंच जाती है और काफी अजीब महसूस करती है। उसे लगता है कि अब उसे न सिर्फ वनराज बल्कि अनुज को भी फेस करना पड़ेगा। अनुज और अनुपमा के बीच ज्यादा बातचीत नहीं होती और अनु भी अनुपमा को इग्नोर करती नजर आती है। अनुज परिवार में बड़ों का आशीर्वाद लेता है तो वहीं बा उससे माया संग उसके रिश्ते का सच पूछती हैं।

## पूरी तरह टूट जाएगी अनुपमा

आने वाले एपिसोड में आप देखेंगे कि माया, अनुपमा और अनुज को पास नहीं आने देगी। अनुज, माया को ऐसा करते देखेगा, लेकिन वो कुछ नहीं कहेगा। अनुज के पीछे ही अनुपमा बैठ जाएगी और वो अंदर से पूरी तरह टूटा महसूस करेगी। तभी पंडित जी फूल मांगेंगे और अनुपमा अपनी ही दुनिया में खोई रहेगी और उसे बार-बार बातें याद दिलानी पड़ेंगी।





## अनुपमा को संभालेगी काव्या

अनुपमा कमरे में जाकर रोने लगेगी, तभी वहां काव्या आकर उसे चुप कराएगी। इस सबसे अलग डिंपी और पाखी के बीच झगड़ा हो जाएगा और किंजल बीच में आकर मामले को शांत कराएगी। अनुपमा के पांव लड़खड़ाएंगे और अनुज उसे आगे आकर अपनी बाहों में लेकर संभालेगा। माया को ये देख बहुत जलन होगी और दोनों को दूर करने के लिए वो बीमार होने का नाटक करेगी।

## अनुपमा-अनुज होंगे आमने-सामने

अनुज, अनुपमा को छोड़कर माया के पास चला जाएगा। अनुज उसे दवाएं देगा और उसका ख्याल रखेगा, जिसे देखकर अनुपमा और ज्यादा परेशान हो जाएगी। बेचारी अनुपमा को माया का असल चेहरा समझ नहीं आएगा। तभी पंडित जी वनराज और अनुपमा को एक साथ पूजा के लिए बुलाएंगे और कहेंगे कि बतौर समर के माता-पिता साथ में पूजा करनी है। वहीं अनुज और माया डिंपी के माता-पिता की तरह वनराज और अनुपमा के सामने बैठेंगे।

# मृणाल ठाकुर ने दिखाई कातिल अदाएं, नशीली आंखें देख फिदा हुए फैंस

**नई दिल्ली।** कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में हर साल की तरह इस बार भी बॉलीवुड सेलेब्स का जलवा देखने को मिल रहा है। उर्वशी रौतेला और सारा अली खान के बाद अब मृणाल ठाकुर भी अपनी अदाओं से फैंस का दिल जीत रही हैं। हाल ही में मृणाल ठाकुर की कुछ तस्वीरें सामने आई, जिन्हें देखने के बाद उनके फैंस नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

## ग्लैम लुक में दिखीं मृणाल

मृणाल ठाकुर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मृणाल ठाकुर ब्लैक आउटफिट पहने नजर आ रही हैं। मृणाल ठाकुर का अंदाज काफी बोल्ड और ग्लैमरस है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं, उन्होंने ब्लैक सीक्वेंस ब्लेजर के साथ लेस वाली ट्राउजर कैरी की हैं।

## मृणाल ने पोस्ट किया वीडियो

इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए मृणाल ठाकुर ने लिखा, मैं इतनी दूर केवल इतनी दूर आने के लिए नहीं आई हूं। कान्स फिल्म फेस्टिवल से नए अनुभव लेने के लिए तैयार हूं।

## कभी इस काम के लिए स्कूल में मिलती थी सजा

इसी आउटफिट में मृणाल ठाकुर ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो के कैप्शन में मृणाल ठाकुर ने लिखा, मुझे स्कूल में हमेशा दिन में सपने देखने के लिए सजा मिलती थी। वैसे अब मैं पूरे दिन उस सपने को जीती हूं। मृणाल ठाकुर के पोस्ट के कैप्शन काफी इंस्पायरिंग हैं।



## कान्स फिल्म फेस्टिवल में मृणाल की पहली एंट्री

बता दें, मृणाल ठाकुर पहली बार कान्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनी हैं। साल 2023 मृणाल ठाकुर के लिए काफी अच्छा साबित हो रहा है। वो आखिरी बार आदित्य रॉय कपूर के साथ गुमराह में नजर आई थीं। गुमराह के प्रमोशन्स के बीच ही मृणाल ठाकुर का पोस्ट खूब वायरल हुआ था, जिसमें वो रोती हुई नजर आ रही थीं। उस पोस्ट के बाद उन्हें फैंस का बहुत प्यार भी मिला था।

# हरियाणा टू कांस चलीं सपना चौधरी, रेड कार्पेट पर बिखेरेंगी फैशन का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेड कार्पेट पर इस साल भारत से कई हसीनाएं डेब्यू कर रही हैं। इस कड़ी में अब हरियाणा की सुपरस्टार डांसर का नाम जुड़ चुका है। हरियाणा में स्टेज शो से अपने करियर की शुरुआत करने वालीं सपना चौधरी इस साल कांस फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने वाली हैं। सपना आज यानी 18 मई को बतौर रीजनल आर्टिस्ट कांस के रेड कार्पेट पर चलने वाली हैं। कांस फिल्म फेस्टिवल में इस साल सारा अली खान, मृणाल ठाकुर और ईशा गुप्ता जैसी एक्ट्रेस पर जलवा बिखेर रही हैं। सपना चौधरी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि वह बहुत आभारी हैं और कांस के रेड कार्पेट पर चलने के लिए काफी एक्साइटेड भी। सपना ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह सभी को गौरवान्वित करेंगी। सपना चौधरी की फैन फॉलोइंग अब देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। आए दिन सोशल मीडिया पर विदेशी लोगों के रील्स सपना चौधरी के गानों पर वायरल होते रहते हैं। सपना चौधरी की सोशल मीडिया फैन फॉलोइंग भी जबरदस्त हैं। इंस्टाग्राम पर सपना चौधरी को 5 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं, जिनके साथ वह अपनी फोटोज और वीडियो शेयर करती हैं। हरियाणवी लोक गीतों के लिए मशहूर सपना चौधरी के गाने तो सोशल मीडिया और यूट्यूब पर छाए रहते हैं लेकिन उन्हें असली पहचान सलमान खान के कॉन्ट्रोवर्शियल





रिएलिटी शो बिग बॉस से मिली थी। भले ही सपना चौधरी ने बिग बॉस की ट्रॉफी नहीं जीती लेकिन वह दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहीं। सपना चौधरी के अलावा इस साल 76वें कांस फिल्म फेस्टिवल में पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने भी डेब्यू किया था। मानुषी छिल्लर और सपना चौधरी दोनों ही हरियाणा से ताल्लुक रखती हैं। फैंस को अब सपना के कांस लुक का इंतजार है।






# एक स्टेशन एक उत्पाद योजना में कटनी व मुड़वारा स्टेशन शामिल

## वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने रेलवे की अनूठी पहल

**कटनी, यशभारत।** रेलवे ने एक स्टेशन एक उत्पाद योजना में मध्य प्रदेश के 36 स्टेशनों को शामिल किया है। जिसमें कटनी के कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। गौरतलब है कि रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के वोकल फॉर लोकल विजन को बढ़ावा देने, स्थानीय/स्वदेशी उत्पादों के लिए एक बाजार प्रदान करने तथा समाज के वंचित वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर जुटाने के उद्देश्य को लेकर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) योजना शुरू की है। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर ओएसओपी केन्द्रों को स्वदेशी/स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने, बेचने और उच्च दृश्यता प्रदान करने के लिए आवंटित किया जाता है। इसकी पायलट योजना 25 मार्च 2022 को शुरू की गई थी और 01 मई 2023 के अनुसार पूरे देश के 21 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 785 ओएसओपी केन्द्रों के साथ 728 स्टेशनों को शामिल किया गया है। इन ओएसओपी स्टालों को एकरूपता प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के माध्यम से डिजाइन किया गया है। इस पायलट योजना के तहत मध्य प्रदेश के कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा स्टेशन सहित 36 रेलवे स्टेशनों को एक स्टेशन एक उत्पाद बिक्री केन्द्र के रूप में शामिल किया गया है। वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्थान विशेष के लिए विशिष्ट हैं और इसमें स्वदेशी जनजातियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां, स्थानीय बुनकरों द्वारा हथकरघा, विश्व प्रसिद्ध लकड़ी की नक्काशी जैसे हस्तशिल्प, कपड़े पर चिकनकारी और जरी-जरदोजी का काम या मसाले चाय, कॉफी और अन्य संसाधित/अर्द्ध संसाधित खाद्य पदार्थ/उत्पाद जिनका देश में उत्पादन हुआ है शामिल हैं। उदाहरण के लिए पूर्वोत्तर भारत में असमिया पीठा, पारंपरिक राजबंशी पोशाक, झांपी, स्थानीय कपड़ा, जूट उत्पाद (टोपी), गमछा, गुड़िया ओएसओपी स्टालों पर उपलब्ध हैं।



### ये स्टेशन योजना में शामिल

मध्य प्रदेश में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा के तहत अनूपपुर, शहडोल, बैतूल, मुलताई, अमला, पंधुरना, बुरहानपुर, खंडवा, नागदा, रतलाम, देवास, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, भिंड, गुना, भोपाल, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, दमोह, सागर, मैहर, सतना, रीवा, सिंगरौली, डबरा, महोबा, छतरपुर, खजुराहो के साथ 36 स्टेशनों को शामिल किया गया है।

### कटनी में पत्थर नक्काशी व मुड़वारा में खिलौने की बिक्री

एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के अतंर्गत जबलपुर स्टेशन पर जंगल फ्रेश प्रोडक्ट एवं हाथ से बने बैग के उत्पाद, कटनी स्टेशन पर पत्थर की नक्काशी (स्टोन कर्विंग) एवं बांस के खिलौने, पिपरिया स्टेशन पर हैंडीक्राफ्ट एवं लोकल लेदर से बने उत्पाद, सतना स्टेशन पर पापड़, अचार, मुरब्बा, आंवला, कैंडी एवं खाद्य पदार्थ खुरचन, रीवा स्टेशन पर स्थानीय कला सुपाड़ी से बनी कलाकृतियां एवं खाद्य पदार्थ खुरचन, सागर स्टेशन पर पूजन सामग्री, जुट प्रोडक्ट एवं अगरबत्ती, दमोह स्टेशन पर हर्बल प्रोडक्टस एवं स्थानीय खिलौने, कटनी मुड़वारा स्टेशन पर टॉय एंड डॉल (खिलौने और गुड़िया), नरसिंहपुर स्टेशन पर हैंडीक्राफ्ट्स, मैहर स्टेशन पर महिलाओं के पारम्परिक सामान और आभूषण एवं खाद्य पदार्थ खुरचन, गाडरवारा स्टेशन पर रेशम के धागों से बने आभूषण, हरदा स्टेशन पर बांस उत्पाद, इटारसी स्टेशन पर लकड़ी के खिलौने एवं जुट के सामान, नर्मदापुरम स्टेशन पर स्मारिका एवं बांस के खिलौने, रानी कमलापति स्टेशन पर हथकरघा और साड़ी, भोपाल स्टेशन पर जरी जरदोजी शिल्प कला, विदिशा स्टेशन पर सांची का स्मृति चिन्ह एवं आयरन क्राफ्ट, गंजबासौदा स्टेशन पर फ्लैगटोन टाइल्सएवं जरी और जुट उत्पाद, बीना स्टेशन पर चंदेरी हैंडलूम एवं जुट उत्पाद, अशोकनगर स्टेशन पर चंदेरी उत्पाद, गुना स्टेशन पर मसाला और हथकरघा स्टाल उपलब्ध कराई जा रही है।

# बर्धमान स्टेशन पर रूकेगी भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस

## यात्रियों की मांग पर रेलवे का निर्णय

कटनी, यशभारत। भोपाल से हावड़ा के बीच मुड़वारा स्टेशन होकर चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस को रेलवे ने बर्धमान स्टेशन में भी रोकने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 13026/13025 भोपाल-हावड़ा-भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस अब बर्धमान स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव लेकर चलेगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस बर्धमान स्टेशन पर 13:25 बजे आकर 13:27 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस बर्धमान स्टेशन पर 13:37 बजे आकर 13:39 बजे प्रस्थान करेगी।

# चित्रकूट एक्सप्रेस का एक रैक एलएचबी रैक में परिवर्तित



**कटनी, यशभारत।** जबलपुर से लखनऊ के बीच कटनी होकर चलने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस का एक रैक एलएचबी कोच में परिवर्तित हो गया है। रेलवे ने गाड़ी संख्या 15205/15206 लखनऊ-जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस को एलएचबी कोच के रैक से चलाने का निर्णय लिया है। वर्तमान में यह ट्रेन 04 आईसीएफ रैक के साथ संचालित की जा रही है, जिसमें रैक उपलब्धता के अनुसार अभी एक आईसीएफ रैक को एलएचबी रैक से चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे ने बताया कि एलएचबी कोच गाड़ी संख्या 15205 लखनऊ-जबलपुर एक्सप्रेस में आगामी 21 मई से लखनऊ स्टेशन से और इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15206 जबलपुर-लखनऊ एक्सप्रेस में 22 मई से जबलपुर स्टेशन से गन्तव्य के लिए लगेंगे। गौरतलब है कि मेक इन इंडिया पहल के तहत तैयार किये गए एलएचबी कोच पारंपरिक (आईसीएफ) कोच की तुलना में काफी आरामदायक और अधिक सुरक्षित होते हैं। इनमें उच्च गति क्षमता होती है और वजन में हल्का होते हैं। इन कोचों की एन्टी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें ढेर होने से रोकती हैं। इससे यात्रियों को नुकसान कम होने की संभावना रहती है। नए डिजाइन में तैयार किये गए यह कोच यात्रा का सुखद एहसास कराते हैं। बहरहाल एलएचबी कोच में परिवर्तित होने के बाद चित्रकूट एक्सप्रेस में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 05 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 21 एलएचबी कोच रहेंगे।

# जेल में बंद जिला कोषालय के बाबू पर एक और मामला दर्ज

## जनपद पंचायत बड़वारा के बिलों में फर्जीवाड़ा कर सरकारी खजाने से सवा पांच लाख उड़ाने का एक और मामला आया सामने

**कटनी, यशभारत।** जिला कोषालय के सरकारी खजाने में व्यापक वित्तीय अनियमितता के एक के बाद एक काले कारनामे उजागर हो रहे हैं। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के बिलों में भी फर्जीवाड़ा करते हुए कोषालय के बाबू धीरज सिंह ने पांच लाख रुपए से अधिक उड़ाए थे। रुपए परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर सरकार को चूना लगाया था। मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर अवि प्रसाद ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में भ्रष्टाचार सामने आने के बाद जनपद सीइओ की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने जेल में बंद बाबू धीरज सिंह के खिलाफएफआइआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार कृष्णकांत पांडेय जनपद पंचायत सीइओ बड़वारा ने माधवनगर पुलिस को बताया कि धीरज सिंह (लिपिक) जिला कोषालय ने जनपद पंचायत बड़वारा के बिलों में फर्जीवाड़ा करते हुए दोहरे दस्तावेज बनाकर 3 लाख 30 हजार 960, एक लाख 98 हजार 576 रुपए अलग-अलग गबन किए हैं। कुल पांच लाख 29 हजार 536 रुपए का गबन किया है। कर्मचारी धीरज सिंह ने राशि निकालकर परिचितों के खाते में डाली थी। मामला उजागर होने के बाद जांच कराई गई। सीइओ के आवेदन के बाद माधवनगर पुलिस ने आरोपी बाबू धीरज सिंह के खिलाफ धारा 409, 467, 468, 471, 34, 66 सी आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### इनका कहना है

जनपद पंचायत बड़वारा के सीइओ की शिकायत पर आरोपी धीरज सिंह के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। आरोपी अन्य मामलों में जेल में बंद है। न्यायालय से दो दिन की रिमांड में लेकर आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

**-विजय विश्वकर्मा,** टीआइ माधवनगर

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

# बॉक्साइट चोरी के आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास



**कटनी, यशभारत।** बॉक्साइट चोरी करने वाले आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि थाना स्लीमनाबाद के अपराध में आरोपी माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम निवार पहाड़ी निवासी 33 वर्षीय साजन कोल को ग्राम अमोच के आगे मौजा अमोच अंतर्गत थाना स्लीमनाबाद में शासन के आधिपत्य का बॉक्साइट पत्थर कीमत लगभग 50 हजार रुपए वाहन डम्पर क्रमांक एम.पी.17जी-0963 में बिना किसी परमिट या अनुमति के बेइमानी पूर्वक चोरी करने के आरोप में धारा 379 में दोषी पाते हुए न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने पारित अपने निर्णय में आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने की।

### मारपीट करने वालों को 6-6 माह का कारावास

मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि स्लीमनाबाद के अपराध में आरोपी ग्राम चरगवां निवासी आशा बाई पति परमेश्वर दयाल, अंजनी बाई पिता परमेश्वर दयाल, रामेश्वर प्रजापति को ग्राम चरगवां अंतर्गत थाना स्लीमनाबाद में पीड़िता को गालियां देने एवं मारपीट करने के आरोप में धारा 323 में दोषी पाते हुए न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पारित निर्णय में आरोपी आशा बाई, अंजनी बाई एवं रामेश्वर प्रजापति को धारा 323 में 6-6 माह के सश्रम कारावास से दंडित किया गया। उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने की।

नाम सुधार
मैं अमित कुमार साहू पिता स्व. अजीत कुमार साहू उम्र 48 वर्ष पता गली नंबर-2 शास्त्री कालोनी राजीवगांधी वार्ड मुड़वारा कटनी म.प्र. यह शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री AMAYRA SAHU का नाम पासपार्ट में भूलवश AMYRA SAHU दर्ज हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम AMAYRA SAHU है। जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल में दर्ज है। अतः उसके वास्तविक नाम AMAYRA SAHU के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।
गलत नाम- AMYRA SAHU
सही नाम- AMAYRA SAHU

आइए... इस गर्मी का आनंद उठाएं
भारती स्विमिंग पूल
सहयोगी प्रतिष्ठान:- भारती कलेक्शन
श्री विशूस लहंगा एंड ज्वेलरी
दुल्हन हेतु ज्वेलरी एवं लहंगा के लिए संपर्क करें
जा कूजी, रेन डांस एवं वॉटर फाल
पता- शंभू टॉकीज रोड, संतनगर चौराहा, जोवियल पब्लिक स्कूल कटनी
मो. 9827574747 (अभिषेक अग्रवाल) 9826221947 (अंकुर अग्रवाल), 9993021947

TIMES ACADEMY
फेल विद्यार्थी निराश न हों
MP BOARD/ CBSE BOARD
दसवीं/बारहवीं फेल विद्यार्थी Open School से फार्म भरें
BA, B.COM, BSC MATH,/B.IO, MA, M.COM, MSC, PGDCA, DCA, PG DIPLOMA IN COUNSELLING MBA, BBA, ITI, PPT
पता- मोहन मेडिकल के पास पवन मेडिकल के ऊपर, शहीद द्वार नई बस्ती कटनी मो:9200173627, 9301004148

RK Scrapers Academy
GRAMMATICAL & SPOKEN ENGLISH
Groom Your Own Knowledge Opened Since 2005
SSB INTERVIEW, SAINIK SCHOOL PREPARATION ALSO
AUDIO-VIDEO, NEWS & INTERVIEW PRESENTATION
NAYA GANV, NKJ, KATNI (M.P.)
CALL :- 9713489119,8817827660,9981313425
Director Nemchandra Raidas (B.Sc. M.A. English literature) Rashmi Raidas (M.A. SOCIOLOGY)

मशीन के द्वारा LED & LCD TV के डिस्प्ले (PANEL) एवम सभी प्रकार की रिपेयरिंग की जाती है। सभी SIZE के डिस्प्ले भी बेचे जाते हैं। 17, 19, 24, 32, 40, 43, 50, 55, 65 इंच के
राजेन्द्र इलेक्ट्रॉनिक्स
पता:- सब्जी मंडी, राधाकृष्ण मंदिर के पीछे राधाबाई मार्केट, कटनी मो. 9893082665, 9039455536

पाण्डेय आईस फैक्ट्री
कटाए घाट रोड, बरगवां, कटनी 9425151810
SACH Natural ICECREAM
प्रीमियम फ्लेवर ताज़गी भरा रेशमी एहसास
5 लीटर पैक
शादी पार्टी के लिए 5 लीटर के किफ़ायती पैक में
और खाने में दमदार
आइसक्रीम 5 लीटर पैक मात्र ₹ 250/-
70/- बर्फ़ चौथाई सिल्ली
100/- छोटी सिल्ली
400/- बड़ी सिल्ली
बर्फ वाला आइसक्रीम पार्लर
सापुराम स्कूल के पास, कटनी 6261474074, 9425151810

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

सुनहरा अवसर
देश की अग्रणी ट्रेक्टर कंपनी आयशर ट्रेक्टर्स एवं समस्त कृषि उपकरणों के लिए ब्लाक व तहसील स्तर पर सबडीलरशिप देना है।
नोट :- अनुभवी एवं इनवेस्टमेंट करने वालों को प्राथमिकता।
स्थान :- आयशर वर्कशॉप चौरसिया मैरिज गार्डन के सामने एन.एच.7 मैहर रोड कुठला कटनी पिन-483501
फोन-8770038387, व्हाट्सएप-8878838502

naturals
India's No.1 hair and beauty salon
OPEN NOW
@ CITY MALL
@ City Mall Katni, 2nd Floor,Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501
Mobile : 9343609476

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर
नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)